आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 16 अंक 340 • जबलपुर • शुक्रवार, 13 जनवरी, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • माघ कृष्ण पक्ष 7 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव को श्रद्धांजलि दी।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का पैतृक गांव में होगा अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली, ईएमएस।** JDU के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनकी बेटी सुभाषिनी यादव ने रात पौने 11 बजे सोशल मीडिया पर उनके निधन की जानकारी दी। शुभाषिनी ने ट्वीट में लिखा, पापा नहीं रहे । उनकी उम्र 75 साल थी। दिल्ली के छतरपुर में उनके आवास पर पर्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। कल होशंगाबाद में उनके पैतृक गांव अंखमऊ में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### पीएम ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यादव के निधन पर शोक जताया। पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि शरद यादव के निधन से दुखी हूं। सार्वजनिक जीवन में अपने लंबे वर्षों में उन्होंने खुद को सांसद और मंत्री के रूप में प्रतिष्ठित किया। वे डॉ. लोहिया के आदर्शों से बहुत प्रेरित थे। मैं हमेशा अपनी बातचीत को संजोकर रखूंगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। उनके निधन पर राजनाथ सिंह, राहुल गांधी, नीतीश कुमार, लालू यादव, बिहार के डिप्टी ष्टरूतेजस्वी यादव, नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा समेत कई नेताओं ने दुख जताया है।शरद यादव के दामाद राज कमल राव ने बताया कि उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ था, हम उन्हें अस्पताल ले गए। वहां पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्हें किडनी की समस्या थी और डायलिसिस पर थे। उनके पार्थिव शरीर को मध्य प्रदेश में उनके पैतृक गांव ले जाया जाएगा, जहां कल अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### मैंने शरद यादव से राजनीति के बारे में बहुत कुछ सीखा : राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी शरद यादव के घर पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके परिवार को ढांढस बंधाया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मैंने शरद यादव से राजनीति के बारे में बहुत कुछ सीखा है, वह आज हमारे बीच नहीं रहे तो काफी दुःख हो रहा है। उन्होंने कभी अपना सम्मान नहीं खोया, जबकि राजनीति में सम्मान खोना बहुत आसान होता है।

# दिल्ली की राजनीति में जबलपुर की पहचान थे शरद यादव

## जबलपुर सीट से उपचुनाव जीतकर बने थे सांसद, जबलपुर यूनिवर्सिटी के थे छात्र संघ अध्यक्ष



जीवन में ही गांधी वादी सीमांत गांधी के हाथों से मिला सम्मान शायद उसी समय से युवा शरद जी में यह भाव आ गया कि आगे चलकर वह गरीबों और मजलूमों की लड़ाई में सक्रिय होंगे। यह चित्र वरिष्ठ पत्रकार मोहन शशि ने उपलब्ध कराया।



शरद जी को उत्कृष्ट सांसद का सम्मान देते राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी । इस मौके पर उपस्थित उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ।





एक कार्यक्रम के दौरान सोनिया गांधी से विचार विमर्श करते समाजवादी नेता शरद यादव

**जबलपुर , यशभारत। समाजवादी नेता शरद यादव का 75 साल की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। उनकी बेटी सुभाषिणी यादव ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। इनका गुरुग्राम को फोर्टिस अस्पताल में इलाज चल रहा था। यहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। शरद यादव राजनीतिक पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उन्होंने बिहार के मधेपुरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से चार बार लोक सभा का प्रतिनिधित्व किया। दो बार मध्य प्रदेश के जबलपुर से सांसद चुने गए थे और एक बार उत्तर प्रदेश के बदायूं से लोकसभा के लिए चुने गए थे। शरद यादव संभवतः पहले ऐसे राजनेता थे जो तीन राज्यों से मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार लोकसभा के लिए चुने गए।**



पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सोनिया गांधी काफी करीबी थे एक कार्यक्रम में उनके साथ का चित्र।

### संघर्ष के सेनानी

शरद यादव समाजवादी संघर्ष के एक सेनानी की था जिसका परचम आजादी के पहले आचार्य नरेंद्रदेव, डॉ. राममनोहर लोहिया, श्री जयप्रकाश नारायण सरीखे समाजवादी विचारकों और नेताओं ने फहराया था, और आजादी के बाद जिसे चौधरी चरण सिंह, चौधरी देवीलाल, मधु लिमये, मृणाल गोरे, मधु दंडवते, जॉर्ज फर्नाडिज, कर्पूरी ठाकुर आदि ने आगे बढाया। गांव-देहात के विकास, गरीबों-मजदूरों, कमजोर तथा पिछड़े वर्ग को उनका हक और सम्मान दिलाने की लड़ाई को धार देने वाले इन दिग्गजों की अगली कड़ी में जिन सेनानियों का नाम सहजता से उभरता है, उनमें शरद यादव अगली पंक्ति में नजर आते हैं शरद यादव इन वर्गों को उनका हक दिलाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के जिस मुहिम में जुटे हुए हैं, उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले के छोटे-से गांव अखमऊ से उठकर जबलपुर विश्वविद्यालय में छात्र राजनीति से शुरुआत करके राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाले शरद यादव ने इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी की तरह तीन राज्यों से संसद के लिए चुने जाने का अनोखा कीर्तिमान ही नहीं स्थापित किया बल्कि राष्टपति से उत्कृष्ट सांसद का पुरस्कार भी हासिल किया। केंद्र सरकार में विभिन्न मंत्रालयों में कार्य करते हुए वे अपनी प्रशासनिक क्षमता और जनपक्षधरता का परिचय भी दे चुके हैं।



पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को डीएन कॉलेज में छात्रसंघ अध्यक्ष मुकेश राठौर ने युवा नेता राष्ट्रीय शरद यादव को युवाओं का भविष्य से संबंधित विचार रखने के लिए आमंत्रित किया था

### जीवन का पहला चुनाव जबलपुर से जीते...

शरद यादव की लोकप्रियता का कमाल इस बात से लगा सकते हैं कि जबलपुर में देवा मंगोड़े वाले की दुकान में उनकी सबसे ज्यादा तस्वीरें लगी हुई हैं। शरद यादव ने जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। वर्ष 1974 में सिर्फ 25 साल एक माह सात दिन की उम्र में जीवन का पहला चुनाव लोकसभा का लड़ा और उसमें वे जीते। यह जबलपुर लोकसभा का उपचुनाव था। शरद यादव पांचवीं लोकसभा में 1974 में उपचुनाव के जरिए पहुंचे थे। यह उपचुनाव उन्होंने मध्यप्रदेश की जबलपुर सीट से जीता था। जो सुप्रसिद्ध हिंदी सेवी सेठ गोविंददास के निधन से खाली हुई थी। यह उपचुनाव कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण था। सेठ गोविंददास इस सीट पर कांग्रेस के टिकट पर 1952 से लगातार जीतते आ रहे थे।

### जबलपुर विश्वविद्यालय छात्र संघ के थे अध्यक्ष....

जिस समय यह उपचुनाव हुआ उस समय जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी छात्र आंदोलन पूरे चरम पर था। शरद यादव उस समय जबलपुर विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष थे और आंदोलन के सिलसिले में ही आंतरिक सुरक्षा कानून के तहत जेल में बंद थे। जयप्रकाश नारायण की पहल पर उन्हें सभी विपक्षी दलों की ओर से जनता उम्मीदवार बनाया गया। वे जेल में रहते हुए ही चुनाव लड़े और जीते।

### चुनाव में सेठ गोविंददास के बेटे को हराया..

उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर लड़े सेठ गोविंद दास के बेटे रविमोहन दास को हराया। हालांकि वे ज्यादा दिन तक इस लोकसभा के सदस्य नहीं रहे। आपातकाल के दौरान 1976 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जब मनमाने तरीके से लोकसभा का कार्यकाल पांच से बढ़ाकर छह वर्ष कर दिया तो उनके इस कदम के विरोध में शरद यादव ने समाजवादी नेता मधु लिमये के साथ जेल में रहते हुए ही लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दूसरी बार कांग्रेस प्रत्याशी जगदीश नारायण अवस्थी को शिकस्त दी थी।

### मालवीय चौक होता था यादव का अड्डा...

नर्मदा के किनारे के वासी शरद यादव का नक्षत्र राष्ट्रीय राजनीति में चमका। शरद यादव और जबलपुर का मालवीय चौक एक दूसरे का पर्याय थे। मालवीय चौक उनका अड्डा हुआ करता था। मालवीय चौक में पंडित जी व खट्टू सिंधी की पान उनका ठिया हुआ करता था। शरद यादव के दोनों पैर पुलिस के लाठी चार्ज में चोटिल हुए थे। जिसका असर जीपनपर्यंत रहा।

### ये थे उनके अभिन्न मित्र

स्व.शरद यादव यारों के यार थे । प्रो स्व.हनुमान वर्मा उनके गुरू रहे। उनके अभिन्न मित्रों में वरिष्ठ पत्रकार मोहन शशि यादव, मदन तिवारी, तिलक यादव, शेखर सिंह ठाकुर, अंशुमान शुक्ला, सुखदेव यादव सतीश उपाध्याय, पप्पू राठौर, मुकेश राठौर, दिनेश यादव शामिल हैं। युवा छात्रनेता गोविंद यादव सहित अन्य को स्थानीय से प्रादेशिक और फिर राष्ट्रीय राजनीतिक ऊंचाई दी। देवा के मंगोड़े सहित दूसरी खासियतों को हमेशा याद किया शरद यादव छात्र राजनीति के दौर में देवा के मंगोड़े के दीवाने थे। यहां के चाय-पान के अड्डों में उनकी आवाजाही के दौरान राजनीति की खूब चर्चा होती थी। श्याम टाकीज चौक पर महफिल जमती थी। रामेश्वर नीखरा सहित अन्य शरद का उत्साहवर्धन करने वालों में शामिल थे।



## नासिक में बस और ट्रक की भीषण भिड़ंत

# 10 की मौत, 6 गंभीर रूप से जख्मी

**शिरडी दर्शन के लिए जा रहे थे यात्री**

**नासिक, ईएमएस।** महाराष्ट्र में शुक्रवार की सुबह नासिक-शिरडी हाईवे पर एक भीषण दुर्घटना हुई है। जिसमें 10 यात्रियों की मौत हो गयी है जबकि 6 लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। दरअसल मुंबई से सटे उल्हासनगर से कई श्रद्धालु शिर्डी साईं बाबा के दर्शन करने के लिए निकले थे। एक लग्जरी बस में यह सभी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक निजी बस में 50 यात्री मौजूद थे। लेकिन सिन्नर-शिरडी हाईवे पर पाथेर गांव के पास बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर होने की वजह से यह भीषण दुर्घटना हुई है।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस और ट्रक दोनों ही बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस दुर्घटना की वजह से बस में कई यात्री बुरी तरह से जख्मी हुए हैं। मुंबई से सटे अंबरनाथ, ठाणे और उल्हासनगर से यह तमाम साईं भक्त शिर्डी की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक यह दुर्घटना घटी।

### .कश्मीर में भूस्खलन से दो मजदूरों की मौत

**श्रीनगर ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग जिले में भूस्खलन से दो मजदूरों की मौत हो गई। दोनों हैदराबाद के रहने वाले थे और मेघा इंजीनियरिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में काम करते थे। कंपनी सरबाल इलाके के पास जोजिला टनल पर काम कर रही है।

## दुनिया के सबसे बड़े क्रूज को पीएम ने दिखाई हरी झंडी



# नदी पर तैरते फाइव स्टार होटल जैसा है गंगा विलास

**वाराणसी ,एजेंसी।** दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज गंगा विलास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। यह भव्य और दिव्य रिवर क्रूज स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटकों के साथ वाराणसी से बांग्लादेश के रास्ते असम के डिब्रूगढ़ तक करीब 3200 किलोमीटर की यात्रा 51 दिनों में पूरी करेगा। यात्रा में 27 नदियों के साथ 50 पर्यटक स्थल जुड़ेंगे। इसके फर्नीचर, क्रॉकरी, कमरों के रंग व डिजाइन में 1960 के बाद के भारत की झलक दिखेगी। क्रूज की जो तस्वीरें सामने आई हैं, वे विहंगम हैं और इसकी भव्यता का नजारा पेश करती हैं। दुनिया की सबसे लंबी क्रूज यात्रा पर रवाना होने के लिए तैयार गंगा विलास क्रूज आत्मनिर्भर भारत का उदाहरण है। क्रूज का इंटीरियर देश की संस्कृति और धरोहर को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।



# मुंह में ठूंसा रुई और बांध दिए हाथ पैर

## 15 साल की बच्ची 4 चाचाओं ने किया गैंगरेप

**अलवर, एजेंसी।** राजस्थान के अलवर में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है। 15 वर्षीय नाबालिग भतीजी के साथ 4 चाचाओं ने सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद पीडिता की 4 दिनों तक बंदी भी बनाए रखा। घटना के तकरीबन 1 महीने बाद बाद गुरुवार को परिजनों ने जिले के रामगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने स्नढ्ढक्रमें बताया कि उसे 4 दिनों तक बंधक बनाकर आरोपियों ने गनपॉइंट पर गैंगरेप किया। मुंह में रुई ठूसकर और हाथ-पांव बांधकर हैवानियत भरी वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने लड़की के बयान के आधार पर क्कह्रष्टस्ह्र एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।पुलिस अधिकारी ने मामले कि पुष्टि करते हुए बताया कि लड़की अपनी मां और देवर के साथ थाने पहुंची। शिकायत के बाद, क्कह्रष्टस्ह्र अधिनियम की उपयुक्त धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक डीएसपी रैंक के अधिकारी को मामले की जांच का काम सौंपा गया।



# डूब जाएगा पूरा जोशीमठ...

**डराने वाले हैं इसरो की रिपोर्ट के नतीजे, नरसिंह मंदिर भी नहीं बचेगा!**

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के जोशीमठ को लेकर सारा देश चिंतित है। इस बीच इसरो की एक फोटो रिपोर्ट ने सबकी टेंशन बढ़ा दी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने जोशीमठ की सैटेलाइट तस्वीरें और जमीन धंसने की प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि यह पूरा शहर डूब सकता है। इसरो के हैदराबाद स्थित नैशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (हृक्रस्ष्ट) ने जोशीमठ के डूबते क्षेत्रों की सैटेलाइट तस्वीरें जारी की हैं। अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान की इस रिपोर्ट ने जोशीमठ को लेकर सरकार, प्रशासन और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कल ही प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि जोशीमठ को हर हाल में बचाया जाएगा। उन्होंने प्रभावित इलाकों का दौरा किया और नरसिंह मंदिर में पूजा अर्चना की तथा भगवान से जोशीमठ की सलामती के लिए प्रार्थना की। अब इसरो की रिपोर्ट के मुताबिक, इसी नरसिंह मंदिर पर भी खतरा मंडरा रहा है।



## पत्रकारिता एक मिशन की तरह करो : बाजपेई

# महर्षि पत्रकारिता सम्मान से नवाजे गए यशभारत के नीरज उपाध्याय



**जबलपुर, यशभारत।** महर्षि महेश योगी की 105 वीं जयंती पर शहीद स्मारक परिसर में आयोजित 21 वे महर्षि पत्रकारिता सम्मान समारोह में उत्तर -मध्य से विधायक विनय सक्सेना के मुख्यआतिथ्य में नगर के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों को शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से नवाजा गया। महर्षि पत्रकारिता सम्मान से यशभारत के पत्रकार नीरज उपाध्याय, स्वतंत्र मत से सत्यजीत यादव, सांध्यबंधु से अनुराग दीक्षित, इलेक्ट्रानिक मीडिया से देबजीत देव, महिला पत्रकारों में पलपल इंडिया से काजल गुप्ता, सिटी भास्कर से दिव्या मिश्रा, पत्रकार रूपेश प्यासी, नई दुनिया से कमलेश मिश्रा, विशेष पुरस्कार सचिदानंद शेकटकर वरिष्ठ पत्रकार, सागर से डॉ. अशोक कुमार तिवारी, अजय पाठक हिन्दी एक्सप्रेस, देशबन्धु से मृणाल गोलकर, नवभारत से धर्मेन्द्र पाण्डे,फोटोग्राफर श्याम विश्वकर्मा, प्रदेश टुडे से मनोज दुबे, विन्ध एक्सप्रेस से रामनारायण त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर हिन्दी एक्सप्रेस के संपादक रविन्द्र बाजपेई ने कहा कि पत्रकारिता यदि करना हो तो एक मिशन की तरह करो। वरिष्ठ पत्रकार संजय सिन्हा ने कहा कि पत्रकार को हर खबर की तह तक जाना चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाबू विश्व मोहन पूर्व विधायक नित्तरंजन खम्परिया , डॉ सुधीर तिवारी,यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला,दैनिक भास्कर के स्थानीय संपादक प्रेम शंकर तिवारी,गंगा चरण मिश्रा, पवन पांडे, आनंद मनोध्या आदि मौजूद रहे। संचालन आयोजन समिति के प्रमुख जादूगर एस के निगम ने किया। पत्रकार चयन समिति में डॉ. पंकज शुक्ला, केके सिन्हा, प्रतुल श्रीवास्तव अविनाश दीक्षित शामिल हैं। आयोजन समिति के अनूप वर्मा, विजय सेवाल, आरके टेहनगुरिया, मोहित ओबेराय, राजेश पाठक, सतीश पटेल, राजीव गुप्ता, डॉ. अकिता निगम आदि मौजूद रहे।



## भगवान की आराधना सदैव कल्याणकारी है शंकराचार्य महाराज

**जबलपुर, यशभारत।** परम पूज्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज एवं उभयपीठ सचिव पूज्य ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी का श्री नर्मदेश्वर शाला मंदिर रमनगरा तिलवारा में आगमन हुआ भगवान नर्मदेश्वर महादेव की पूजन आरती के पश्चात् ब्रह्मचारी चैतन्यानंद ब्रह्मचारी शाश्वतानंद ब्रह्मचारी राघवानंद आचार्य राजेन्द्र शास्त्री एवं सभी भक्तगण द्वारा शंकराचार्य जी महाराज का पादुका पूजन किया शंकराचार्य जी महाराज ने बताया कि नर्मदा क्षेत्र तट पर भगवान शिव की आराधना से मनुष्य का कल्याण होता है एवं उसके मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है भगवान की आराधना सदैव कल्याणकारी है आज के पादुका पूजन में प्रकाश प्रकाश द्विवेदी मनोज सेन अखिल तिवारी तुलसी अवस्थी बालकृष्ण बाजपेई एवं शिवशंकर आदि उपस्थित रहे।

# विदेशों में ओएफके की साख 7 देशों से 1 लाख आयुधों के आर्डर



**जबलपुर, यशभारत।** देश की तीनों सेनाओं के साथ अर्धसैनिक बलों का साहस और भरोसा है जबलपुर में स्थित आयुध निर्माणी खमरिया ने बदलते परिवेश में अब विदेशी सेनाओं में भी अपनी साख बनाना शुरू कर दी है। पिछले एक साल में ही 7 देशों से आयुधों की मांग की जा चुकी है। कई अन्य देश भीओएफके के आयुधों में भरोसा जताने की आतुर नजर आ रहे हैं।उक्त जानकारी ओएफके महाप्रबंधक अशोक कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए साझा की। गत वर्ष भारत की 41 आयुध निर्माणियों को नये संस्थागत ढांचे में ढाला गया है। आयुधों के निर्माण हेतु म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड का गठन किया गया। जिसने गुणवत्ता को धुरी बनाकर विदेशों में अपनी पहचान बनाना शुरू कर दिया है। उसी नक्शे कदम पर चलते हुए आयुध निर्माणी खमरिया ने भी कम समय में अपनी विश्वस्तरीय साख बना ली है। परिणाम स्वरूप म्यमार इंडोनेशिया स्वीडन यूगांडा इजराइल व अर्मेनिया जैसे देशों की सेनाओं ने ओएफके के उत्पाद पर अपना भरोसा जताया है। इतना ही नहीं स्वीडन को समय पर च्नमोज्के 44हजार कार्टेज केशों की आपूर्ति भी कर दी गई है। वर्तमान में 6 प्रमुख उत्पादों पर काम चल रहा है । जिनका 1 लाख से अधिक की उत्पादन कर आपूर्ति किया जाना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बिना किसी आयात के यह सारे उत्पाद पूरी तरह स्वदेशी स्तर पर बन रहे हैं। यह सब भारतीय सेनाओं की मांग को रोके बिना किया जा रहा है। इस सत्र निर्माणी पर तीन हजार करोड़ के उत्पादन का भार है। चर्चा में बताया गया कि निर्माणी बौद्धिक संपदा अधिकार में ओएफके ने प्रगति कर15उत्पादों के पेटेंट और एक कापी- राइट हासिल कर लिया है। निर्माणी में सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण स्वच्छता वृक्षारोपण आदि गतिविधियों की जानकारी दी।इस मौके पर अपर महाप्रबंधक गण विकास पुरवार एस एस सलाथिया के साथ आर पी शुक्ला दिनेश कुमार ज्वाइंट जी एम और एन डी तिवारी जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित थे।

## चंद्रसिंह और स्वदेश जे सी एम-4 में मनोनीत



**जबलपुर यशभारत।** व्हीकल फैक्टरी राष्ट्रीय कामगार यूनियन ने संयुक्त परामर्श समिति में चंद्र सिंह चौहान और स्वदेश को यूनियन की ओर से नामांकित किया है।इस आशय की जानकारी कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सोनी ने दी।यूनियन के अध्यक्ष जयमूर्ति मिश्रा और अन्य श्रमिक नेताओं ने उक्त मनोनयन पर खुशी जताते हुए उम्मीद जताई है कि दोनों युवा कर्मचारियों की समस्याओं को बेहतर तरीके से जेसीएम में रखते हुए उनका निराकरण करवाने में आगे रहेंगे।

## भावनाए का नववर्ष एवं केलेंडर विमोचन



**जबलपुर यशभारत।** गत दिनों भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन का 11 नववर्ष वार्षिक समारोह हरिशंकर परसाई भवन में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि कमलेश अग्रवाल नेता प्रतिपक्ष नगर निगम जबलपुर ने वर्ष 2023 के केलेंडर का विमोचन किया। अमरीश मिश्र एम.आई.सी. सदस्य की शुभकामनाओं का वाचन किया गया। श्री अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी को एसोसिएशन के फैलेण्डर का हर वर्ष इंतजार रहता है एसोसिएशन लाभार्थियों की समस्या के समाधान के साथ रचनात्मक कार्यों में लगी है जो सराहनीय है। उन्होंने भी वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर गीतकार एवं हास्य कलाकार बलराम वर्मा एवं एसोसिएशनके 80 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके वरिष्ठ सदस्यों गुलाम गीस राजेश ठाकुर विनोद बैन राजू नसून आदि का मुख्य अतिथि ने सम्मान किया । वार्षिक प्रतिवेदन महासचिव डी. के. सिंह आय व्यय कोषाध्यक्ष हरजीवन विश्वकर्मा ने रखा। कार्यक्रम का संचालन आर. एस. तिवारी ने किया। इस मौके पर एच. एन. जागड़े. दिनेश चौरे, आर.बी. शाह. टी. के. रायघटक, केदार दुबे, आर. आर. दुबे, विनायक राव सोरते, एस.के. श्रीवास्तव, रमाकांत कटियार महेन्द्र नामदेव आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## भोले की रसोई अधारताल में निशुल्क भोजन वितरण



**जबलपुर,यशभारत।** स्वर्गीय श्री राधाकृष्ण श्रोत्री शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर भोले की रसोई अधारताल में निशुल्क भोजन वितरण किया गया जिसमें विशेष रूप से उपस्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष श्री प्रदीप यादव श्री सुरेंद्र गिरी गोस्वामी श्री विजय सिंह यादव श्री विनय यादव श्री बालबोध यादव श्री राम कुमार यादव गुड्डू यादव सुरेंद्र यादव श्रीमती छाया शर्मा दिनेश नम्रता शर्मा दीपक वर्षा शर्मा शिखा शर्मा पार्थ शर्मा पप्पू बर्मन राजेश रजक गुड्डू शर्मा इस कार्यक्रम में सहयोगी रहे।

## सरपंच कप रानीताल (कटाव) धाम क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**मझौली , यश भारत।** जिले भर में चल रहे हैं खेलकूद प्रतियोगिता जिससे कि आज इसी के तहत ग्राम पंचायत रानीताल के कटाव धाम में सरपंच कप टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया जिसमें शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित राज व्यास सरपंच रानीताल, अंकित झारिया युवा कांग्रेस पाटन विधानसभा सचिव, गोपीकिशन व्यास, अंकू पटेल, द्व स्र मुटटू पटेल, मोहित रैकवार, सत्येन्द्र (पप्पू) झारिया, संतोष ठाकुर, शैलू झारिया, चंद्रशेखर रैकवार, सचिन रैकवार, शिवम् झारिया, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की बैठक - 2023 में सरकार बनाने घर घर पहुंचने का आह्वान



**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर स्थित अग्रवाल बारात घर शीतलपुरी में उत्तर मध्य विधान सभा के अंतर्गत मौलाना अबुल आजाद ब्लॉक, कस्तुरबा गांधी ब्लॉक,कमला नेहरू ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं वरिष्ठ नेताओं मंडलम अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष की सम्मलित बैठक नगर अध्यक्ष जगत बहादुर अन्नू विधायक विनय सक्सेना ,प्रदेश कांग्रेस के जबलपुर सह प्रभारी विभाष जैन ने ली। बैठक में प्रभारी विभाष जैन एवम नगर अध्यक्ष , विधायक ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे द्वारा 26जनवरी से राष्ट्रस्तर पर होने जा रही कांग्रेस हाथ जोड़ों बूथ अभियान के लिए सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए बैठक में वरिष्ठ नेता विष्णु शंकर ने 2023में कांग्रेस की प्रदेश में सरकार बनाने के लिए एक एक कार्यकर्ताओं को घर-घर जा कर कांग्रेस की 15माह की कमलनाथ सरकार द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यो को पहुंचने के लिया आह्वान किया । प्रदेश प्रतिनिधि बाबू विश्वमोहन ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा की हमसे कुछ गलतियां हुई है की हम अपनी सरकार के समय अपने कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नही समझ पाएं और उन्हें कांग्रेस सरकार के समय वो सम्मान नही दिला पाए जो उन्हें मिलना चाहिए था , मगर अब वो गलतियों पर सुधार किया जाएगा । बैठक में नगर के संगठन मंत्री मनोज सेठ ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए की आगामी एक सप्ताह में मंडलम अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष बूथ कमेटियों का गठन कर नगर कांग्रेस को प्रेषित करें । जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चौधरी ,प्रदेश महामंत्री कदीर सोनी , वरिष्ठ नेता सतीश उपाध्याय , बाबू विश्वमोहन विष्णु शंकर पटेल , सतेंद्र जैन जुग्गू भैया ,वीरेंद्र चौबे सेवादल मुख्यसंगठक, सतीश तिवारी , बिजली प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा नगर संगठन मंत्री मनोज सेठ महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति कमलेश यादव झल्लेलाल जैन पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजेश सोनकर कार्यकारी नगर अध्यक्ष मतीन अंसारी अनसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश कोरी नगर अध्यक्ष रवि पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष पंकज पटेल पार्षद अयोध्या तिवारी, अमरीश मिश्रा , हर्षित यादव वकील अंसारी अख्तर अंसारी , गुड्डू नवी जी जी ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार चौबे,कपिल श्रीवास्तव , सुशीम धर रज्जू सराफ ,मुकेश जैन रविंद्र गौतम पूर्व पार्षद पंकजपांडे कमलेश रावत ,पप्पू वसीम जी दिलीप साहू मंडलम अध्यक्ष जय ठाकुर रोहित नेमा संजय शर्मा शैलेश राठौर अतुल सोनी राजीव तिवारी वीरेंद्र साहू अशरफ मंसूरी विजय रजक मनोज नामदेव जगदेव मिश्रा अन्नू पटेल सुनील यादव विनोद तिवारी, दिलीप पटरिया श्रीमती गीता शरद तिवारी खुर्शीद अंसारी कहकशा अंजुम,कमला चौहान सीमा तिवारी राखी रज्जू सराफ मनोज नामदेव कल्पना पटेल देवकी पटेल रजनी निगम ,ममता ठाकुर सरिता चोबे , उमा दहिया उषा अहिरवार रंजीता वैध रेनू रैकवार अनीता गोटिया सुशीला कनोजिया बसंती मालती राजपूत पूर्णमा नायडू साधना अग्रवाल प्रशांत जैन संजय कश्मीर दीपक यादव देवेश जैन मो मजहर उस्मानी विक्की पटेल अलीम मंसूरी यावर चौधरी सरदार आरिफ ,सलामत उल्ला उस्मानी अलकेश गुप्ता आलोक गुप्ता,रजनीश त्रिवेदी , इमरान मंसूरी रिजवान अली कोटि चंदन श्रीवास्तव पंकज बाजपेई सोनू श्रीवास्तव विकास रैकवार राजा पटेल अनिल रैकवार मुन्ना सेन संजय उपाध्याय जी अरुण पवार जी विनय नेमा रिंकू दीक्षित साहिल यादव नूर उल्ला खान एजाज उस्मानी संजू शर्मा कंचन बॉस तनवीर अख्तर दीपक विश्वकर्मा सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि बैठक में थी । बैठक का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार चौबे एवम आभार ब्लॉक अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव ने किया ।

# 7 दिवसीय पंचकल्याण महोत्सव, आज से होगी अमृत वर्षा



### महोत्सव की तैयारियों का महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने लिया जायजा

**जबलपुर,यशभारत।** जनकल्याण के लिए संभाग रॉझी गोकलपुर वार्ड के अंतर्गत शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने छात्रावास परिसर में 7 दिवसीय पंचकल्याण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी व्यवस्थाओं के लिए आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रितु राजेश यादव, एवं अन्य क्षेत्रीयजनों, आयोजक मंडल के सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और पंचकल्याण महोत्सव के लिए विशेष व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि 13 जनवरी से 19 जनवरी 2023 तक आयोजित होने वाले पंचकल्याण महोत्सव में विश्वकल्याण की मंगल भावना के साथ-साथ जबलपुर के प्रत्येक नागरिकों के घरों में सुख, शांति एवं समृद्धि का संचार हो के संकल्प के साथ पूज्य मुनि महाराज संतगणों की वाणी से अमृत वर्षा बरसेगी। इस पुनीत अवसर पर महापौर ने कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ आस पास के क्षेत्रों में उत्तम प्रकाश व्यवस्था के लिए नई लाईटें लगवाई जायेगी। महोत्सव स्थलों पर पूज्य मुनि राज संसघ के साथ श्रद्धालुओं के स्वागत में आकर्षक एवं सुन्दर रंगोली सजाई जायेगी। इसके अलावा महापौर ने विशेष साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल के साथ दोनो समय मच्छरों के विनिष्टीकरण के लिए फागिंग एवं कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कराने की व्यवस्था के लिए भी संबंधितों को निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव पंडाल और पंडाल में पधारे गणमान्य जनों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे वहॉ पर फायर ऑफिस की गाड़ियॉ खड़ी रहेगीं और शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए पंच कल्याणक महोत्सव स्थलों के पास एक पर्याप्त दूरी पर व्यवस्थित तरीके से अलाव की भी व्यवस्था कराई जायेगी जिससे पंचकल्याणक महोत्सव में पहुँचने वाले सभी श्रद्धालुओं को ठंड से राहत मिलेगी। निरीक्षण के मौके पर संभागीय यंत्री लल्ला पटैल, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल मिश्रा, के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
9826035091

गैलेक्सी
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→तिली चिक्की →तिली लड्डू →तिली रेवड़ी →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट नमकीन →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →बिस्केट →फुल्की →गजक →सिंधी पापड़ →चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

साई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX COZI | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर 07614038666, 7049079825 9300920067

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)



# जंगल रिसोर्ट के अवैध कब्जे पर चला बुल्डोजर

## माफिया से मुक्त हुई 65 लाख की जमीन

**जबलपुर यशभारत।** जिला प्रशासन और पुलिस की सयुंक्त कार्यवाही में आज पनागर तहसील के ग्राम पड़रिया में माफिया के कब्जे से करीब एक एकड़ शासकीय भूमि को मुक्त करा लिया गया है । अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि की अनुमानित कीमत लगभग 65 लाख रुपये बताई गई है । एसडीएम जबलपुर पी के सेनगुप्ता के मुताबिक कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देश पर की गई इस कार्यवाही में करीब 45 लाख रुपये के निर्माणों को भी जेसीबी मशीनों से ध्वस्त कर दिया गया । श्री सेनगुप्ता ने बताया कि ग्राम पड़रिया की खसरा नम्बर 300/336 की इस शासकीय भूमि पर राजेन्द्र सिंह गौर, प्रतीक सिंह गौर एवं शिव कुमार चौधरी ग्राम सुरमावाह पनागर द्वारा कब्जा कर लिया गया था । साथ ही इस भूमि के एक हिस्से पर जंगल रिसोर्ट नाम से बनाये गये होटल के तीन कमरों का निर्माण भी कर लिया गया । उन्होंने बताया कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के साथ-साथ कार्यवाही में इन कक्षों को भी ध्वस्त किया गया है । एसडीएम



जबलपुर के अनुसार माफिया प्रतीक गौर के शासकीय भूमि से कब्जे को हटाने तथा यहॉं किये गये अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की तहसीलदार पनागर प्रशांत अग्रवाल के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाही में नायब तहसीलदार सारिका रावत तथा राजस्व विभाग का अमला भी मौजूद था ।

### पुलिस अधिकारी को सबसे पहले लगी थी अवैध कब्जे की खबर

पुलिस अधिकारी रवींद्र सिंह को जंगल रिसोर्ट के अवैध कब्जे की खबर सबसे पहले लगी थी। रवींद्र सिंह ने इस संबंध में सबसे पहले पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा को अवगत कराया जिसके बाद पटवारी से जमीन का सीमांकन कराया गया और आज शासकीय जमीन को कब्जे से मुक्त कराया गया।

# पनागर के बम्हनोदा में तेंदुआ की खाल बरामद, 3 आरोपी पकड़े गए



जबलपुर, यशभारत। पनागर पुलिस ने गुरूवार को तेंदुआ के खाल की तस्करी करने वाले 3 तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। तीनों तस्कर पनागर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। तस्करों के पास से पुलिस ने तेंदुआ की एक खाल भी बरामद की है, जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है। बताया जाता है कि आरोपित खाल को किसी दूसरे राज्य में बेचने की फिराक में थे, परंतु इसके पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### तेंदुआ को पहले मारा गया

सूत्रों का कहना है कि खमरिया निवासी विश्वकर्मा गौड़ और शंकरलाल विश्वकर्मा ने पहले तेंदुआ का शिकार किया इसके बाद उसकी खाल का सौदा खमरिया में ही रहने वाले प्रतीक चौबे से किया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी प्रतीक द्वारा खाल को किसी दूसरे राज्य में बेचा जाना था लेकिन ऐन मौके पर पुलिस ने पहुंचकर खाल सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## बर्खास्त पुलिस कर्मियों को हाईकोर्ट से मिली राहत

**जबलपुर यशभारत।** मप्र हाईकोर्ट ने पुलिस कर्मियों का राहत दी है। चीफ जस्टिस विजय मलिमठ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की एकलपीठ द्वारा पूर्व में पुलिस कर्मियों के पक्ष में पारित आदेश को सही ठहराया है। न्यायालय ने प्रदेश सरकार द्वार दायर अपील पर हस्ताक्षेप करने से इंकार कर दिया। जिसमें हाईकोर्ट की एकलपीठ द्वारा पूर्व में दिए गए आदेश को चुनौती दी गई थी और अपील निरस्त कर दी। जिला रायसेन ने कोरोना लॉक डाऊन के दरमियान सब इंस्पेक्टर केशव शर्माप्रधान आरक्षक सुरेश शर्मा व आरक्षक कुद्दू संसारी रात्रि कालीन डुयूटी पर थे तभी रात 12 बजे सुरेंद्र तिवारी नामक युवक सड़क में घूम रहा था। पुलिस कर्मियों ने उसे रोक कर पूछताछ की तो दोनों के दरमियान बहस हो गई और पुलिस कर्मियों ने सुरेंद्र को हथकड़ी पहनाकर थाना ले आए थे। सुरेंद्र द्वारा तीनों पुलिस कर्मियों के विरूध्द शिकायत की गई थी। शिकायत पर पुलिस के आला अफसरों ने जांच की और तीनों पुलिस कर्मियों को दोषी ठहराते हुए नौकरी से बरखास्त कर दिया था। बरखास्त पुलिस कर्मियों ने याचिका के माध्यम से चुनौती दी थी कि बगैर चार सीट दिए उन्हें बर्खास्त करना अवैधानिक है और एकलपीठ ने उनकी बर्खास्तगी को बहाल कर दिया था। तदोपरांत सरकार की ओर से अपील दायर की गई थी।

## हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग से कहा झोला छाप डाक्टरों की रिपोर्ट 17 फरवरी तक पेश करो

**जबलपुर यशभारत।** बगैर मान्य डिग्री के झोला छाप डाक्टरों द्वारा किए जा रहे इलाज पर एक याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रवि विजय मलिम तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपी ने



गंभीर मामला मानकर राज्य शासन व स्वास्थ्य विभाग से झोला छाप डाक्टरों के संबंधा में ताजा स्टेटस रिपोर्ट आगामी 17 फरवरी तक न्यायालय के समक्ष पेश करने के आदेश दिए है। यह जनहित याचिका जबलपुर निवासी ऋषि सराफ की ओर से दायर की गई है। सुनवाई के दौरान दलीले देते हुए अधिवक्ता पारितोष गुप्ता ने न्यायालय को बताया कि शहर में तथा अन्य क्षेत्रों में गली गली में ऐसे झोला छाप डाक्टर दवाखाना खोले बै है जिनके पास मान्य डिग्री नहीं है और उनके द्वारा व्यक्तियों के जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कोरोना काल में ऐसे झोला छाप डाक्टरों की बाढ़ सी आ गई थी इन्हें रोकने के लिए सरकार व स्वास्थ्य विभाग कोई ीस कदम नहीं उा पाई है। याचिका में उचित राहत दिए जाने की प्रार्थना की गई।

## शरद यादव जबलपुर के हक के लिए जो संघर्ष किया है उसको भुलाया नहीं जा सकता

**जबलपुर , यशभारत।** समाजवादी नेता शरद यादव का 75 साल की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन पर शहर वासियों ने श्रद्धांजलि दी। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, ने कहा कि जबलपुर की पृष्ठभूमि से राजनीतिक



सफर की शुरुआत करने वाले शरद यादव का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती। उन्होंने जबलपुर के हक के लिए जो संघर्ष किया है उसको भुलाया नहीं जा सकता। नगर कांग्रेस कमेटी और संस्कारधानी की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि। विधायक अशोक रोहाणी, समाजवादी विचारधारा को मानने वाले शरद यादव ने जबलपुर के लिए भी काफी संघर्ष किया था। वे जनता की आवाज बुलंद करते रहे। उनके निधन की खबर सुनकर दुःख हुआ। मेरी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने कहा कि जबलपुर से राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर राष्ट्रीय नेता बनने वाले शरद यादव जी सबसे सुलझे नेताओं में से एक जाने की खबर अत्यंत दुखद ख़बर है। ईश्वर उनके परिजनों को दुख की यह घड़ी सहने की शक्ति प्रदान करें। पूर्व मंत्री तरूण भनोत ने कहा कि शरद यादव वरिष्ठ राजनेता रहे। वे जबलपुर से सांसद भी रहे। उनके निधन पर मेरी ओर से श्रद्धांजलि। परमात्मा उनके स्वजन को यह वज्राघात सहने की शक्ति प्रदान करे।

## महर्षि स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**जबलपुर ,यशभारत।** आज विजयनगर स्थित महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में महर्षि महेश योगी के अवतरण दिवस के अवसर पर योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने योग का प्रदर्शन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी युवा मोर्चा धीरज पटेरिया थे और कार्यक्रम की अध्यछता युवा व्यवसायी अभिनव सिंह ठाकुर ने की इस अवसर पर दीप प्रज्वलन के पश्चात नवीन पत्रिकाज्ज्ञानज्का विमोचन किया गया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनूप तिवारी, महेंद्र पाण्डेय, जीतेन्द्र सोनी मौजूद थे अंत में आभार स्कूल की प्राचार्य श्रीमती स्नेह ।




# महाकौशल प्रांत के 21 जिलों के 21 हजार युवा छात्रों को स्वावलंबी बनाने पंजीयन शुरू

**जबलपुर,यशभारत।** महाकौशल प्रांत के 21 जिलों में वन-औषधि आयुष स्टार्टअप, वनोपज-वनधन विकास केंद्र, मोटा-अनाज आधारित उद्यमिता, फूड प्रोसेसिंग, जनजातीय उद्यमिता, जल ङ्क उर्जा सहकारिता, हस्तशिल्प, हथकरघा, टेक्सटाइल, खिलौना स्टार्टअप, मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स स्टार्टअप सहित 45 उद्यमिता सेक्टर के लिए लगभग 12 लाख करोड़ का व्यापार युवाओं का इंतजार कर रहा है, इसी परिपेक्ष्य में निजी तथा शासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के वर्तमान में पढ़ रहे छात्रों / भूतपूर्व छात्रों को स्वावलंबी बनाने के सन्दर्भ में एक मासीय उद्यमिता-क्षमता-निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, कौशल तथा उद्यमिता विकास के संदर्भ में च्डीपीआर का फॉर्मेटज्ज, अलग-अलग उद्यमिता सेक्टर में उद्यमिता प्रारंभ करने के विभिन्न आईडिया की सूची, तकनीकी की जानकारी, मशीनरी की जानकारी, कोटेशन मंगाने की जानकारी, शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ उद्यमिता जीवन चक्र की समस्त जानकारी एवं निर्धारित फॉर्मेट तथा पाठ्यक्रम-सामग्री को छात्रों को निशुल्क दिया जाएगा।

**भारत सरकार की परियोजना के अंतर्गत 45 उद्यमिता सेक्टर के लिए क्षमता-निर्माण का निशुल्क प्रशिक्षण-** प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए परियोजना की प्रोफेसनल इंस्ट्रक्टर सुश्री पूजा जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक) द्वारा संचालित इलेक्ट्रोनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की परियोजना के अंतर्गत युवा एवं छात्रों को स्वावलंबी बनाने के लिए एक माह का उद्यमिता क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण कराया जायेगा तथा उन्हें च्सर्टिफिकेट इन स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंटज्ज भी पुर्णतः निशुल्क प्रदान किया जायेगा, इस सर्टिफिकेट का उपयोग विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता / लोन, औद्योगिक भूमि या क्लस्टर के आवंटन के लिए युवा कर सकेंगे। इलेक्ट्रोनिकी मंत्रालय भारत सरकार के इस प्रोजेक्ट के मुख्य अन्वेषक तथा अधिष्ठाता प्रो ( डॉ ) विकास कुमार सिंह है, जिन्होंने स्वावलंबी पाठ्यक्रम को डिजाईन तथा डेवेलोप किया है। कोर्स में स्टार्टअप, इनक्यूबेशन, व्यापार, नया उद्यम प्रारंभ करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक, नवाचार का प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जायेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, कौशल तथा उद्यमिता विकास के संदर्भ में ऑनलाइन ऐडऑन प्रोग्राम के माध्यम से क्रेडिट अर्न करने के लिए इंटरमीडिएट तथा महाविद्यालय / विश्वविद्यालय शैक्षणिक संस्थाओं के छात्रों को ऐसे प्रशिक्षित कराये जाने का प्रावधान है। इसी क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इस पाठ्यक्रम को डिजाइन किया गया है। छात्र ऑनलाइन माध्यम से अपने संस्थानों से ही इस कोर्स को पूर्ण कर सकेंगे। पंजीयन कराने वाले युवा - छात्रों को पाठ्यक्रम सामग्री में शासकीय योजनाओं की जानकारी, क्षेत्रीय संसाधनों के प्राकृतिक उपयोग, सहकारिता आधारित उद्यमिता के संबंध में युवाओं को मार्गदर्शन दिया जाना है ।

## जनता एक्सप्रेस से रहस्यमय ढंग से गायब हुआ कटंगी का युवक

**15 दिन के बाद भी नहीं लगा कोई सुराग जीआरपी में गुम इंसान कायम**



**जबलपुर यश भारत।** कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गनियारी ग्राम का रहने वाला 32 वर्षीय युवक 29 दिसंबर को मुंबई जाने के लिए गाड़ी संख्या 3201 जनता एक्सप्रेस में सवार हुआ इसके बाद वह रहस्यमय ढंग से गायब हो गया परिजनों द्वारा इसकी तलाश की गई किंतु जब कहीं भी कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित पक्ष द्वारा मदन महल जीआरपी में इस घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी गई जिसके पश्चात जीआरपी ने गुम इंसान कायम कर युवक की पतासाजी शुरू कर दी है। इस मामले में मदन महल जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि कटंगी थाना के गनियारी ग्राम का रहने वाला 32 वर्षीय राघवेंद्र ठाकुर उर्फ गुंडा सिंह पिता रज्जू सिंह गोवा में कहीं मजदूरी का काम करता है वह विगत 29 दिसंबर को अपने पिता के साथ मदन महल रेलवे स्टेशन से मुंबई जाने के लिए पहुंचा था राघवेंद्र के पिता ने उसे मुंबई जाने वाली जनता एक्सप्रेस के जनरल कोच में बैठाया इसके बाद वह वापस अपने घर आ गया 30 दिसंबर को युवक के पिता ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया तो उसने बोला कि मैं मुंबई पहुंचने वाला हूं इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया परिजनों द्वारा अनेक प्रयास करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला पीड़ित पक्ष द्वारा जीआरपी पहुंचकर इस पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया जिसके बाद जीआरपी द्वारा गुम इंसान कायम किया गया मदन महल जीआरपी के विनय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक की पतासाजी करने के लिए रेडियो मैसेज एवं पंपलेट आदि चस्पा किए जा रहे हैं इस संबंध में किसी को कोई भी कुछ जानकारी प्राप्त हो तो वह मदन महल जीआरपी से संपर्क कर सकते है जीआरपी द्वारा सभी थाना क्षेत्रों को इस मामले की जानकारी एवं हुलिया बताया गया है जिसके आधार पर उसकी पतासाजी की जा रही है।

**रोजगार प्रशिक्षण**
**क्या आप रोजगार चाहते हैं**
आईये ! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in
**90099-85689**

# प्लॉग रन सह स्वच्छता श्रमदान करने दौड़ा शहर

**नागरिकों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक**

**जबलपुर,यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान के आव्हान पर आज स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के लिए पूरा शहर दौड़ा। भारत सरकार एवं राज्य शासन के द्वारा जारी निर्देशों के तहत् प्लॉग रन प्रातः 09:00 बजे एम.एल.बी. गरबा ग्राउंड से शुरू हुई और 5.1 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए एम.एल.बी. गरबा ग्राउंड से मानस भवन, तीन पत्ती चौक, तीन पत्ती चौक से मालवीय चौक, करमचंद चौक, ओमती चौक, घंटाघर, कलेक्ट्रेट होते हुए पर्यटन भवन, क्राइस्टचर्च स्कूल रोड होते हुए तैयबअली चौक, नौदराब्रिज, तीनपत्ती, मानस भवन होते हुए एम.एल.बी. गरबा ग्राउंड में ही 11:00 बजे समापन हुआ । इस जागरुकता दौड़ में शहर के सभी सम्मानीय जनप्रतिनिधिगण, नागरिकगण, व्यापारिकगण, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्रओं के अलावा जिला, नगर निगम, एवं पुलिस प्रशासन के भी सभी वरिष्ठ अधिकारी हुए। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने बताया कि आज प्रदेशव्यापी प्लॉग रन सह स्वच्छता श्रमदान का आयोजन सभी नगरीय निकायों में किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 4 किलोमीटर से अधिक की स्वच्छता दौड़ रखी गयी इस दौड के माध्यम से शहर के सम्मानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाई जाएगी एवं उनके सहयोग से स्वच्छता में शहर को नंबर वन बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक



**जबलपुर, यशभारत।** प्रकोष्ठ महानगर जबलपुर द्वारा आज एकता चौक विजय नगर स्वामी विवेकानन्द जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जबलपुर में मनाई गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल जी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कमलेश यादव जी महानगर संयोजक अमित द्विवेदी जी सह संयोजक स्नेहा ज्योति सिंह,आशीष अग्रवाल,राकेश चौधरी, अनुराग तिवारी, राहुल बेले,नरेश चक्रवर्ती सुरेश विश्वकर्मा,रमा सिंह,डॉ. मनोज नामदेव,शिवकांत पांडे,भाजपा नेत्री श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव एवं समस्त सह संयोजक एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## जप्त की गयी 33 बोरी प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक

**जबलपुर, यशभारत।** संभाग क्रमांक 14 चेरीताल वार्ड के अंतर्गत नगर निगम एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आज संयुक्त रूप से मयूर प्लास्टिक के संचालक टीकम दास दुसिया के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की गयी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रतिबंधात्मक अमानक प्रकार की पॉलीथिन संग्रह करने का बड़ा कारोबार मयूर प्लास्टिक के द्वारा किया जा रहा था, जिसकी खबर होने पर निगम द्वारा बड़ी कार्रवाई की जाकर 30 बोरी प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन एवं 3 बोरी सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की गई, स्थल पर ही पंचनामा तैयार कर गोडाउन को सील किया गया और संचालिक के ऊपर 1 लाख रूपये का जुर्माने स्पॉट फाइन के रूप में वसूल किया गया। यह कार्रवाई आज निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गयी।

## देवताओं को भी दुर्लभ है मानव देह

**त्रिशूलभेद में स्कंद पुराण कथा का चौथा दिन**



**जबलपुर,यशभारत।** त्रिशूल भेद पुण्य सलिला मां रेवा के पावन तट पर आयोजित स्कंद पुराण कथा के चौथे दिन कथा व्यास डॉ.सत्येन्द्र स्वरूप शास्त्री ने कहा कि कलियुग में मोक्ष का सर्वोत्तम उपाय धर्म है। मानव तन सत्कर्म के माध्यम से जीव को इस जन्म मरण के बंधन से मुक्त होने के लिए मिला है। मानव तन देवताओं के लिए भी दुलर्भ है। इस युग में केवल सत्संग के माध्यम से परमात्मा का नाम स्मरण करके ही जीव मुक्ति पा सकता है। शास्त्री जी ने स्कंद पुराण में च्रंद्र कथा, सोमदेव, तारा, उनके पुत्र बुध की उत्पत्ति की कथा, 27 नक्षत्रों का वर्णन करते हुए कहा कि इस कथा के श्रवण से ही जीव के समस्त पाप और रोगों का नाश होता है। कथा में उन्होंने 18 नदियों सहित गंगा अवतरण की कथा का वर्णन किया। कथा में शास्त्री जी ने शिवविवाह कथा का वर्णन किया।

### पारंपरिक खेलों का आयोजन आज से

जबलपुर, यशभारत। सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन पारंपरिक खेलो का आयोजन केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवँ इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में आज दोपहर 3 बजे रानीताल स्टेडियम में होगा।कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधी, पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक सांसद राकेश सिंह ने सभी खेल प्रेमियों, यूवाओं और मातृ शक्ति से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
**लोककर्म विभाग निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा सूचना क्रं./पी.डब्ल्यू.डी./ई.-टेण्डरिंग/पी.आर.ओ./654** दिनांक- 12/01/2023
पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रं. | पैकेज /कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सं.क्र. -02 | वीरसावरकर वार्ड अंतर्गत गुलौआ ताल के पास वार्ड कार्यालय निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | जबलपुर | रु. 4.90 लाख (चार लाख नब्बे हजार) | 01 माह |

(1) इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते हैं।
(2) निविदा प्रपत्र दिनांक 14/01/2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 27/01/2023 सायं 5:30 बजे तक ऑनलाइन क्रय की जाकर निविदा डाली जा सकती है।
कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
**लोककर्म विभाग द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**
N.I.T. No./ PWD/e-tendering/PRO/657 दिनांक 12/01/2023
पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सं.क्रं. -02 | सं.क्रं. 02 कछपुरा अंतर्गत लेबर चौक से एम.आर. फोर रोड की ओर से जाने वाली सड़क का White Topping से सड़क नवीनीकरण कार्य | जबलपुर | 97.55 सन्तानवे लाख पचपन हजार रूपये मात्र) | 06 माह |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 14.01.2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 27.01.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**निविदा सूचना प्रपत्र**
पत्र क्र./स्व.से./2023/100/पी.आर.ओ./650 जबलपुर, दिनांक 11.01.2023
नगर निगम जबलपुर द्वारा निम्न कार्य हेतु निविदा में विहित शर्तों के अधीन सक्षम एवं पात्र निविदाकारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| Selection of Agency for printing Flex, Banner, Vinyl Board, Certificate, Sun Board Etc. | 23.60/- लाख | 17,700/- रू. | 5,000/- रू. | 01 वर्ष |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना का विवरण वेबसाईट www.mptender.gov.in में देख सकते है। 2. निविदा प्रपत्र दिनांक 12.01.2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 08.02.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन क्रय कर जमा की जा सकती है। 3. ई.एम.डी. राशि ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। 4. निविदा प्रपत्र के टेक्नीकल बिड ऑनलाईन खोलने का दिनांक 09.02.2023 को 10.30 बजे तक खोले जाएंगे। 5. निविदा प्रपत्र की फाइनेंशियल बिड की सूचना पृथक से दी जायेगी। 6. प्री बिड मीटिंग दिनांक 23.01.2023 को स्वच्छता सेल मानस भवन में 03.00 बजे की जायेगी। 7. निविदा सूचना में किसी भी संशोधन का समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। यद्यपि उक्त वेबसाइट में प्रकाशन किया जायेगा।

नोडल अधिकारी,
स्वच्छता सेल, नगर निगम जबलपुर

## शिवराज ने निवेशकों को दिया भरोसा

# 15 लाख 42 हजार 514 करोड़ का होगा निवेश

**भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का समापन हो गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि टेक्सटाईल, नवकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, फार्मा, स्वास्थ्य, स्टार्टअप सहित विभिन्न क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने प्रोत्साहनकारी नीति लागू की है। इन्दौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए पूरी मदद की जाएगी।**

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा- मध्यप्रदेश के सीईओ के रूप में मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके निवेश की एक पाई भी व्यर्थ नहीं जाने दूंगा। टीम मध्यप्रदेश आपके साथ खड़ी रहेगी। सीएम ने बताया कि मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में लगभग 6 लाख 9 हजार 478 करोड़ के निवेश आया है। इससे 11 लाख 84 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर में 2 लाख 80 हज़ार 753 करोड़ रुपये का निवेश आया है, जिससे 4 लाख 50 हजार 127 को रोजगार को रोजगार मिलेगा। फूड प्रोसेसिंग, एग्री प्रोसेसिंग 1 लाख 6 हजार 149 करोड़ का निवेश आया है, 2 लाख 20 हजार 160 को रोजगार प्राप्त होगा। आईटी एवं



### 29 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में रु. 78 हज़ार 778 करोड़ का निवेश आया है जिससे 2,22,371 लोगों को रोजगार मिलेगा। रसायन एवं पेट्रोलियम के क्षेत्र में रु. 76769 करोड़ का निवेश आया है, जिससे 71,704 लोगों को रोजगार मिलेगा। सर्विस सेक्टर में रु. 71,351 करोड़ का निवेश आया है जिससे 1,66,700 लोगों को रोजगार मिलेगा।

### किस क्षेत्र में कितना रोजगार

ऑटोमोबाइल इंजिनियरिंग, इलेक्ट्रिक व्हिकल के क्षेत्र में रु. 42254 करोड़ का निवेश आया है, जिससे 69,962 लोगों को रोजगार मिलेगा। फार्मा एंड हेल्थकेयर लगभग रु. 17,991 करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ है, जिससे 1,42,614 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। लॉजिस्टिक्स एंड वेयरहाउसिंग में रु. लगभग 17,916 करोड़ का निवेश आया है, जिससे 56 हजार 373 लोगों को रोजगार मिलेगा। टेक्सटाइल एंड रेडीमेट गारमेंट क्षेत्र में रु. 16,914 करोड़ का निवेश मिला है, जिससे 1 लाख 13 हजार 502 को रोजगार मिलेगा। अन्य क्षेत्रों में रु. 1 लाख 25 हजार 855 करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ है। 1 लाख 24 हजार 168 से अधिक रोजगार प्राप्त होंगे।

### किस संभाग में कितना निवेश

मालवा, निमाड़ में 6 लाख 95 हजार 258 करोड़ रुपए का निवेश, रीवा और शहडोल में 2 लाख 88 हजार 179 करोड़ रुपए का निवेश। जबलपुर और सागर में 2 लाख 41 हजार 898 करोड़ रुपए का निवेश। भोपाल और नर्मदापुरम में 1 लाख 65 हजार 59 करोड़ रूपए का निवेश। ग्वालियर, चंबल में 1 लाख 52 हजार 147 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव पास हुए हैं। पूरे प्रदेश में अलग अलग क्षेत्रों में यह निवेश के प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए हैं।

# मध्य प्रदेश में छह दिनों में करंट से दो बाघों के शिकार ने खोली सुरक्षा की पोल

**भोपाल,यशभारत।** टाइगर स्टेट कहे जाने वाले मध्य प्रदेश में बाघों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। वर्ष 2023 की शुरुआत बाघ संरक्षण की दिशा में निराशजनक रही है। बीते छह दिनों में संरक्षित वन क्षेत्रों में दो बाघों का शिकार करंट लगाकर किया गया। जबकि दिसंबर महीने में भी टाइगर रिजर्व में फंदा लगाकर बाघ का शिकार किया गया था। यह स्थिति बताती है कि प्रदेश में बाघों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहे हैं। यह स्थिति तब है जबकि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिसंबर में बाघ के शिकार की घटना के तत्काल बाद वनाधिकारियों की आपात बैठक बुलाई थी। उनकी चिंता बाघों के सुरक्षित रहवास व चीतों को लेकर थी। उन्होंने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश व नसीहत के बाद भी बाघों के शिकार की घटनाएं जारी हैं। इस दौरान हाथी के एक शावक का भी शिकार किया गया। जिसे जहर देकर मारा गया।



### वर्ष 2022 में 38 बाघों की जान गई

वर्ष 2022 की बात करें, तो मध्य प्रदेश में 38 बाघों की मौत हुई है। इनमें से आठ बाघों का शिकार वन विभाग स्वीकार कर रहा है। दो ऐसे भी मामले हैं, जिनमें बाघों की मौत का कारण ही पता नहीं चला है। इन मामलों को भी शिकार की श्रेणी में रखें, तो एक साल में 10 बाघों का शिकार हुआ है। अब इस साल के 11 दिन भी मिला लें, तो शिकार होने वाले बाघों की संख्या 12 हो जाती है। 376 दिनों में 12 बाघों का शिकार बड़ी बात है, पर प्रदेश के मैदानी वन अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

### शिकार के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं

यही कारण है कि लगातार शिकार की घटनाएं सामने आने के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं सुधर रही है। सात दिसंबर 2022 को उत्तर पन्ना वनमंडल में स्थित विक्रमपुर गांव के नजदीक युवा बाघ फंदे पर लटका मिला था। इस घटना ने मुख्यमंत्री को चिंता में डाल दिया था। सीएम ने वन और पुलिस अधिकारियों को शिकारियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। साथ ही वन अधिकारियों से बाघ और चीतों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने को भी कहा था। इसके बाद भी पांच जनवरी को पन्ना टाइगर रिजर्व और 11 जनवरी को सिवनी जिले संरक्षित वन क्षेत्र में बाघ का शिकार करंट लगाकर किया गया।

### खेतों में लगाए जा रहे फंदे

वन विभाग जंगल से सटे खेतों में शिकारियों द्वारा लगाए गए फंदों को तलाश नहीं कर पा रहा है और यही ऐसी घटनाओं के कारण बन रहे हैं। जानकार बताते हैं कि मवेशी के लालच में बाघ जंगल से बाहर आते हैं और फंदों में फंस जाते हैं।

## भाजपा नेता का नोटों की गड्डी के साथ वीडियो वायरल

**भोपाल, ईएतएस।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के एक नेता का नोटों की गडिडयों के साथ वीडियो वायरल हो रहा है। कांग्रेस ने इस वीडियो के साथ भाजपा पर तंज कसा है। कांग्रेस की ओर से जारी किए गए इस वीडियो में जो व्यक्ति पैसे लेते नजर आ रहा है, उसे आगर मालवा जिले का भाजपा मंडल अध्यक्ष बताया जा रहा है। कांग्रेस ने ट्वीट कर लिखा है कि, आगर मालवा में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश गोयल का पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हुआ है। आवेदक अजय नायक ने आरोप लगाया है कि मंडल अध्यक्ष ने इनकी पत्नी की आत्महत्या मामले में पुलिस की कार्रवाई से बचाने के लिए यह राशि ली है। एनबीटी सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस वीडियो में एक व्यक्ति पांच-पांच सौ रुपये की गड्डी लिए हुए दिखाया गया है, जिसे भाजपा नेता बताया गया है। बताया गया है कि अजय नायक की पत्नी ने आत्महत्या कर ली थी, जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस प्रकरण से बचाने के लिए भाजपा नेता ने रकम मांगी थी। रकम के लेनदेन पर ही दोनों के बीच विवाद हुआ था।



### डिस्टरबेंस का दिखने लगा असर

# भोपाल में दिन के पारे में गिरावट, शनिवार से बदल सकता है मौसम का मिजाज

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में शनिवार से कड़ाके की ठंड फिर शुरू हो सकती है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते शीतलहर से मिली राहत का दौर खत्म होने की संभावना है। राजधानी भोपाल में इसका असर दिखने भी लगा है। राजधानी में गुरुवार को दिन के तापमान में बुधवार के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि यह वेस्टर्न डिस्टरबेंस का ही असर है। उन्होंने यह भी कहा है कि 14 जनवरी से शीतलहर और कोहरे की फिर शुरुआत हो सकती है। पिछले एक सप्ताह से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में ठंड से राहत मिली है। हालांकि, ग्वालियर-चंबल संभाग में कोहरे का असर ज्यादा है जबकि बुंदेलखंड इलाके में तापमान में बढ़ोतरी के बाद भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। 38 शहरों में न्यूनतम पारा 10 डिग्री या इससे ऊपर रेकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर भारत में स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण दिल्ली एनसीआर, पंजाब और हरियाणा में बारिश हो सकती है। इसके असर से उत्तर भारत के राज्यों में तेज ठंड पड़ने और पहाड़ों पर बर्फबारी हो सकती है। 14 जनवरी से इसका असर मध्य प्रदेश के अधिकांश इलाकों में दिख सकता है। दिन में कोहरा और रात में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। भोपाल में एक जनवरी के 11 दिन बाद बुधवार को रात का तापमान 10 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। गुरुवार को 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली और दोपहर में हल्के बादल भी छाए। शहर में रात का तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बीते 24 घंटे में इसमें 1.7 डिग्री बढ़ोतरी हुई लेकिन यह सामान्य से एक डिग्री कम रहा। रात की ठंडक में बहुत ज्यादा कमी नहीं आई है। गुरुवार को दिन का तापमान 26.7 डिग्री रहा। बुधवार के मुकाबले इसमें 0.6 डिग्री गिरावट हुई

## छतरपुर के होटल में 13 वर्षीय नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात

**भोपाल, यशभारत।** छतरपुर के होटल में 13 वर्षीय नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। शहर के सागर रोड स्थित रिटायर डीएसपी रमेश कुमार गुप्ता के रायल होटल में 13 वर्षीय बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में होटल के मैनेजर नीरज तिवारी, एक महिला सहित तीन आरोपितों पर सामूहिक दुष्कर्म करने का केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि इस होटल में पिछले कई माह से अनैतिक कार्यो को अंजाम दिया जा रहा था। सिविल लाइन थाना पुलिस ने नाबालिग के दादा की शिकायत पर सामूहिक दुष्कर्म का यह मुकदमा दर्ज किया है। नाबालिग की मां का देहांत हो चुका है। पिता किसी मामले में जेल में है। नाबालिग के अकेले होने का फायदा उठाकर सटई रोड क्षेत्र में रहने वाला आरोपित सोहित द्विवेदी ने पहले दोस्ती की। आठ माह पहले दोस्ती के बाद नाबालिग को कपड़े खरीदवाए। नशे की आदत डाली। इस बीच सोहित ने अपनी एक महिला मित्र सपना उर्फ ऊषा विश्वकर्मा से मिलवाया, जो नाबालिग को गलत काम के लिए प्रेरित करने लगी। बीते दिनों आरोपित सोहित द्विवेदी अपनी महिला मित्र के साथ नाबालिग को लेकर सागर रोड स्थित द रायल होटल पहुंचा। होटल में पहले से ही होटल के मैनेजर नीरज तिवारी से साठगांठ बनाई गई थी। महिला ने नाबालिग को कमरे में भेजा।

## कमलनाथ का दावा– कांग्रेस सरकार बनते ही एमपी में होंगी सरकारी भर्तियां

# 6 महीने में भरे जाएंगे पद

**भोपाल,यशभारत।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने वादा किया है कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही, सरकारी विभागों में रिक्त सभी पद भर दिए जाएंगे। कमल नाथ ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा, आज मध्यप्रदेश का युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर अत्यधिक चिंतित है। देश और प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है। कमल नाथ ने राज्य में हो रहे भर्ती घोटालों का जिक्र करते हुए कहा, भाजपा सरकार में मध्यप्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में नित नए घोटाले हो रहे हैं, परीक्षाओं के परिणाम वर्षो तक जारी नही हो पा रहे हैं, एमपीएससी के परिणाम 2019 से घोषित नहीं हुए हैं। भर्ती ठप पड़ी है। यह स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है।उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के नौजवान साथियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी रिक्त पदों पर युवाओं की सीधी भर्ती प्रारंभ कर छह माह में पद भरेंगे, भर्ती परीक्षाओं के घोटाले पर अंकुश लगाएंगे और युवाओं की भर्ती की नई व्यवस्था बनाएंगे, लंबित परीक्षा परिणाम तीन माह में घोषित करेंगे, चयनित अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में छूट देंगे और चयन के बाद समय सीमा में नियुक्ति देकर सिनियर्टी का लाभ भी सुनिश्चित करेंगे। हम मिलकर युवाओं के उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ेंगे। कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा- मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करता हूं कि जो आउटसोर्स कर्मचारी वर्षो से काम कर रहे हैं, उनकी सेवा और समर्पण को देखते हुए नई भर्तियों में उन्हें वरीयता दी जाए। इसके लिए नियमों में जो भी प्रावधान करने की आवश्यकता हो उसे तत्काल किया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों को नई नियुक्ति में वरीयता देने का काम हमने किया था। लेकिन शिवराज सरकार ने नई नियुक्तियों में पहले से कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए कोई संरक्षण नहीं दिया है और ज्यादातर आउटसोर्स कर्मचारी नई नियुक्तियों से बाहर हो गए हैं।



## मध्य प्रदेश के 45 जिला अस्पतालों को मिल सकता है कायाकल्प पुरस्कार

**भोपाल यशभारत।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से अस्पतालों का मूल्यांकन कर कायाकल्प पुरस्कार दिए जाने से व्यवस्थाएं सुधरी हैं। अस्पतालों से मरीजों को होने वाले संक्रमण में भी कमी आई है। पिछले वर्ष प्रदेश के 38 जिला अस्पतालों को कायाकल्प पुरस्कार मिला था। तीन चरण के मूल्यांकन में इन अस्पतालों के 70 प्रतिशत से अधिक अंक आए थे। इस वर्ष के लिए भी मूल्यांकन की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। फरवरी में परिणाम आ जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में कम से कम 45 जिला अस्पतालों को कायाकल्प पुरस्कार मिल सकता है। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले को क्रमशः 50 लाख, 20 लाख और 10 लाख रुपये मिलते हैं। बाकी जिला अस्पतालों को तीन-तीन लाख दिए जाते हैं। 2015 से यह पुरस्कार दिए जा रहे हैं। कायाकल्प के लिए अस्पताल की व्यवस्थाओं को आठ क्षेत्रों में विभाजित कर मूल्यांकन किया जाता है। हर क्षेत्र के लिए मापदंड केंद्रीय स्तर से तय हैं। इनमें सबसे ज्यादा जोर बायो मेडिकल वेस्ट का निपटान, संक्रमण रोकथाम, संकेत बोर्ड, सफाई, रेडिएशन वाले उपकरणों का मापदंड के अनुसार संचालन, अस्पताल में मरीजों को लगने वाला समय कम करना, मशीनों का रखरखाव, कर्मचारियों का प्रशिक्षण, रिकार्ड का संधारण, आवश्यकता के अनुसार डाक्टर, नर्स व अन्य कर्मचारियों की पदस्थापना पर रहता है।

## भोपाल से रेड आइ उड़ानें शुरू होने का मार्ग प्रशस्त

# अप्रैल से 24 घंटे खुला रहेगा एयरपोर्ट

**भोपाल, यश भारत।** अप्रैल माह से राजा भोज एयरपोर्ट 24 घंटे खुला रहेगा। इस फैसले के साथ ही भोपाल से रेड आइ उड़ानें (देर रात की उड़ानें) शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। एयरलाइंस कंपनियां भोपाल को बेस स्टेशन बनाने के लिए प्रोत्साहित होंगी।एयरपोर्ट अथारिटी ने तीन साल पहल अपने मुख्यालय को प्रस्ताव भेजकर राजा भोज एयरपोर्ट पर 24 घंटे फ्लाइट आपरेशन की स्वीकृति मांगी थी, लेकिन मुख्यालय ने यह कहकर प्रस्ताव को खारिज कर दिया था कि इससे अथारिटी को नुकसान होगा। उस समय भोपाल से यात्रियों की संख्या लगातार कम हो रही थी। इसी आधार पर अथारिटी ने प्रस्ताव को मंजूरी नहीं थी। हाल के दिनों में यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। भोपाल अब एक लाख मासिक यात्री संख्या वाले क्लब में शमिल हो चुका है। एयरलाइंस कंपनियों का पैसेंजर लोड 80 फीसद तक पहुंच चुका है। दूसरी और अथारिटी इंटरनेशनल स्तर की सुविधाएं जुटाने में भी लगी है। इन सब कारणों से मुख्यालय ने आखिरकार तीन साल पुराने प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। 24 घंटे उड़ान संचालन वाले हवाई अड्डों पर विमानों की नाइट पार्किंग व्यवस्था की जाती है। भोपाल में हाल ही में तक यह व्यवस्था शुरू हुई है, लेकिन कंपनियों को यह सुविधा इस शर्त पर दी जाती है कि उड़ान को सुबह छह बजे से पहले टेकआफ नहीं होने दिया जाएगा। वर्तमान में एयरपोर्ट सुबह छह बजे खुलता है। रात्रि 10 बजे बंद कर दिया जाता है। कई एयरलाइंस कंपनियां सुबह पांच बजे उड़ानें टेकआफ करना चाहती हैं, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिलती है। अब कंपनियों के लिए समय की कोई बाधा नहीं रहेगी। माना जा रहा है कि इस फैसले से कंपनियां भोपाल को बेस स्टेशन बनाने में प्राथमिकता देंगी।



## ट्रक ने मारी बाइक सवार दंपती को टक्कर, पत्नी की मौत, पति गंभीर घायल

**भोपालयशभारत।** औबेदुल्लागंज कस्बे में भोपाल-नर्मदापुरम नेशनल हाइवे पर बरखेड़ा के पास तेज रफ्तार आईसर ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। बाइक पर पति-पत्नी सवार थे। इस हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है। दुर्घटना गुरूवार को सुबह करीब 11 बजे हुई।जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी संतोष दास अपनी पत्नी प्रियदर्शिनी दास के साथ दवाई लेने सोहागपुर जा रहे थे। तभी बरखेड़ा के पास तेज रफ्तार आइसर ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वे दोनों बाइक समेत उछलकर गिर पड़े। इसी दौरान बाइक के पीछे सवार प्रियदर्शनी दास उम्र 40 वर्ष ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## फर्जी दस्तावेज से गैस दावा राशि लेने की कोशिश ने पहुंचा दिया सलाखों के पीछे

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी की एक अदालत ने गैस दावा अधिकरण में फ़र्ज़ी दस्तावेज पेश कर विधवा पेंशन अवार्ड राशि प्राप्त की कोशिश करने वाली महिला को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। आठ वर्ष पुराने मामले में दोषी महिला पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला 26वें अपर सत्र न्यायाधीश अमित रंजन समाधिया की अदालत ने सुनाया।लोक अभियोजक सतीश सिमैया ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गैस दावा अधिकरण तथा कार्यालय कलेक्टर गैस राहत में इलियास का मामला आया था। इलियास की मृत्यु गैस रिसने के प्रभावस्वरूप कैंसर रोग से हुई थी। आरोपित महिला द्वारा वर्ष 2011 से 2014 के मध्य मृतक इलियास के वारिस मोहम्मद मूसा खान के पक्ष में जारी एक्सग्रेसिया आदेश के जैसा एक अन्य कूटरचित आदेश बनवा लिया था। जिसमें फ़र्ज़ी फोटो व हस्ताक्षर थे। इस आदेश के आधार पर महिला ने डेढ़ लाख रुपये बेईमानी से प्राप्त करने का प्रयास किया था। इस मामले में संदेह होने पर तात्कालिक उपायुक्त सचिन शर्मा गैस दावा अधिकरण के द्वारा उक्त आदेश के सत्यता की जांच हेतु अभिलेखागार से मूल प्रकरण बुलाए गए थे। जांच में महिला द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ फर्जी पाए गए। जिस पर शाहजहांनाबाद थाने द्वारा आरोपित महिला के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में वर्ष 2015 में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था।



# विवेकानंद ने युवाओं को किया प्रेरित किया : बघेल

**सिहोरा, यशभारत। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नगर में जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कडी में भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन जिलाध्यक्ष राजमणि बघेल के नेत्रत्व में मंडल स्तर पर कर युवा दिवस मनाया गया।जिसमें सिहोरा में सैकड़ों युवाओं के द्वारा भाग लिया**

।बघेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी जातिवाद व सामाजिक आडंबर के प्रखर आलोचक व सामाजिक समरसता के पक्षधर थे उन्होंने युवाओं में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के साथ आधुनिकता से आध्यात्मिक को जोड़ने का संदेश दिया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अभिषेक परोहा,अनुपम सराफ,पलाश दुबे ,संदेश विश्वकर्मा,अभिषेक तिवारी, , विनय जैन,वीरेंद्र पटैल,गोसलपुर मंडल अध्यक्ष आकाश जैन, मझगवा शरद यादव एवं समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## जयंती पर मैराथन दौड के साथ सूर्य नमस्कार का आयोजन

### छात्र छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार

नगर के पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उमावि सिहोरा में जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया छात्र छात्राओं ने विद्यालय के प्राचार्य अशोक उपाध्याय की उपस्थिति में राज्यपाल सम्मान प्राप्त शिक्षिका वा योग प्रशिक्षक श्रीमती सुधा उपाध्याय द्वारा मंच से माध्यम सूर्य नमस्कार की विभिन्न बारह मुद्राएं,अनुलोम



विलोम व प्राणायाम कराया गया।सूर्य नमस्कार समारोह में स्वामी विवेकानंद जी के ऐतिहासिक उदबोधन का प्रसारण आकाशवाणी से हुआ। सूर्य नमस्कार के आयोजन में बच्चे,बड़े,युवा ,शिक्षकों सभी ले भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाया। सरस्वती विद्यालय में आयोजन जयंती के उपलक्ष्य में सरस्वती विद्यालय में सूर्य नमस्कार मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ व्यवस्थापक अनुपम सराफ के निर्देशन में विद्यालय में बच्चों ने सूर्य नमस्कार किया।

### सब जेल तीन दिवसीय आनन्दोत्सव का शुभारंभ

स्वामी जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर सब जेल सिहोरा में सूर्यनमस्कार,ध्यान व तीन दिवसीय आनन्द उत्सव का शुभारंभ जेलर दिलीप नायक की पहल पर म प्र जनअभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति सिहोरा एवं हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया। बन्दियों एवं जेल स्टॉफ को योग विशेषज्ञ घनश्याम वर्मन और वीरेंद्र पाटकर द्वारा सूर्यनमस्कार एंव सुनील खांडेकर,श्रीमती वन्दना खांडेकर एवं श्रीमती अरूणलता श्रीवास्तव ने ध्यान कराया। इस अवसर पर स्व सेवा संयोजन समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा कलचुरी, सचिव डॉ अनुराग दुवे, सोनम नायक,सुरभि कोरी, समस्त जेल स्टॉफ उपस्थित था संचालन प्रहरी नंदनी सोनी ने किया।

## जबलपुर रेल मंडल ने सर्वाधिक आय अर्जित करने का रिकार्ड बनाया

**जबलपुर यशभारत**।यात्री सुविधायो में अत्याधुनिक सुविधाएं देने के साथ ही जबलपुर रेल मंडल द्वारा इस वित्त वर्ष में वाणिज्यिक आय में भी निरंतर रिकार्ड वृद्धि दर्ज की जा रही है जो कि पश्चिम मध्य रेल में मंडल का सर्वाधिक आय अर्जित करने का रिकार्ड बन रहा है जबलपुर मंडल द्वारा इस वित्तीय वर्ष में अब तक कुल वाणिज्यक आय तीन हजार एक सौ करोड़ रूपये की अर्जित की जा चुकी है तथा इसके इसके मार्च 2023 तक चार हजार करोड़ रूपये तक पहुचने की पूर्ण सम्भावनाये है इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि मंडल द्वारा अप्रेल से दिसम्बर 2022 तक नो माह में यात्री आय में 43 प्रतिशत वृद्धि के साथ 584 करोड़ रूपये की आय अर्जित की गयी है जबकि मॉल ढुलाई से मंडल को 2403 करोड़ रूपये की आय हुई है जो कि गत वर्ष की तुलना में 36 प्रतिशत अधिक है., इसी तरह अन्य विविध मदों में भी मंडल ने 75 करोड़ रूपये की आय अर्जित की है जो कि गत वर्ष से 134 प्रतिशत अधिक है. इस तरह मंडल ने गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अब तक कुल 38 प्रतिशत अधिक आय अर्जित की है श्री रंजन ने बताया कि प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक राजेश पाठक एवं मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के कुशल नेतृत्व में मंडल द्वारा उक्त उल्लेखनीय उपलब्धिया हासिल की जा रही. जिसमे वाणिज्य विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों का भी सक्रिय सहयोग बना हुआ है ।

## जबलपुर से बांद्रा टर्मिनस ट्रेन में तीन वातानुकूलित स्थाई कोच बढ़ाए

**जबलपुर यशभारत**। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त कोच स्थाई/अस्थाई रूप से लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में *जबलपुर-बांद्राटर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के तीन कोच स्थायी रूप से लगाने का निर्णय लिया गया है। इस कोच के लगने से *पमरे के जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, होशंगाबाद, भोपाल एवं संत हिरदराम नगर के यात्रियों को भी वातानुकूलित श्रेणियों की अतिरिक्त सुविधा मिलने लगेगी।गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर से बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में प्रत्येक शुक्रवार को अपने प्रस्थान स्टेशन जबलपुर से 24.02.2023 से तथा गाड़ी संख्या 02133 बांद्रा टर्मिनस से जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में प्रत्येक शनिवार को अपने प्रस्थान स्टेशन बांद्रा टर्मिनस से 25.02.2023 से 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के तीन कोच स्थाई रूप से लगांए जाएंगे। इन वातानुकूलित श्रेणियों के तीन कोच बढ़ जाने से *वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18 सीट, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 46 सीट एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 64 सीट सहित कुल 128 सीट/बर्थ की अतिरिक्त सुविधा मिलने लगेगी।

*कोच कंपोजीशन-* वातानुकूलित श्रेणियों के तीन कोच बढ़ जाने से यह गाड़ी *01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित 24 कोचों के साथ चलेगी। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान कोरोना के संभावित नए वेरिएंट को देखते हुए कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## 12 सूत्रीय मांगो को लेकर अजाक्स संघ कुंण्डम ने सौंपा ज्ञापन



**कुंडम, यशभारत**। अजाक्स के प्रांतीय आव्हान पर कुंण्डम तहसील के अधिकारी कर्मचारियों ने तहसीलदार श्री प्रदीप कौरव को 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रमुख मांगे पदोन्नति में आरक्षण,पुरानी पेंशन बहाली ,बैकलॉग पदों पर भर्ती आदि हैं ज्ञापन सौंपते समय जिला महासचिव नेतराम झारिया,तहसील अध्यक्ष तुलसीराम तेकाम,प्रवक्ता बसंत प्रकाश उर्वेदी,उपाध्यक्ष जीआर झारिया, एल एस सायाम,राकेश महोविया,आशीष धुर्वे,प्रीतम झारिया, ए एस तेकाम, ए पी उर्वेदी, वीरेंद्र तेकाम,रामप्रसाद वरकड़े, एस एस मरावी सहित सभी तहसील एवं ब्लॉक के अजाक्स के साथी गण उपस्थित रहे।

## जिले का सबसे बड़ा सतधारा मेला कल से

**सिहोरा, यशभारत**। 14 जनवरी को सुर्य मकर राशि में प्रवेश करने के साथ सूर्य के उत्तरायण होने की खुशी में मेलों के आयोजन का दौर सदियों से चला आ रहा है। मकर संक्रांति पर पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान के साथ लड्डुओं के जायके का दौर चलेगा। देश की मिट्टी से जुड़ी परम्परा की सोंधी खुशबू फिर महंक उठेगी।

कोरोना काल के बाद सतधारा में मकर सक्रांति पर्व पर मेले का आयोजन किए जाने के निर्णय से ग्रामीणों सहित व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है। सप्त दिवसीय मेले की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। तीन साल बाद काष्ट कला के लिए मशहूर प्रसिद्ध मेला आयोजित होगा, । जबलपुर से कूम्ही सतधारा करीब 72 किलोमीटर,सिहोरा से करीब 22 किलोमीटर,ढीमरखेड़ा से करीब 20 किलोमीटर,स्लीमनाबाद से करीब 19 किलोमीटर,कुंडम से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कूम्ही के सतधारा घाट पर 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन हिरन नदी के किनारे कुम्भेश्वर महादेव मंदिर और सप्तऋषि, कुम्भक ऋषि,नीलकंठ महराज भैया ढेलाराम जी,गंगागिरी महराज, पुष्पुपन्डा,सम्भुपुजारी,ऋषि महात्माओं की तपोभूमि सतधारा घाट में धार्मिक मेला का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है। आयोजित मेले में हजारों व्यापारिक दुकानें और मनोरंजन खेल, सर्कस,जादू, व अद्भुत खेलों का बड़ी बड़ी प्रदर्शनी लगाई जाती है। इस मेले की शुरुआत के लिए शासन करीब एक महीना पहले से तैयारियां शुरू कर दिया जाता है। । ऐतिहासिक मेला 30 से 40 एकड़ के क्षेत्र में आयोजन किया जाता है। आयोजित मेले में देश प्रदेश के कोने-कोने से व्यापारी व्यापार करने पहुंचते हैं।

### मेला काष्ठ कला के लिए प्रसिद्ध है

वैसे तो संक्रांति पर्व पर मेले का आयोजन धार्मिक आस्था के साथ साथ मेल मिलाप एवं वर्ष भर के लिए आवश्यकता की वस्तुओं को क्रय करने का माध्यम है लेकिन सतधारा मेले की लकड़ी के दरवाजे पलंग एवं अन्य काष्ठ कला की एक विशिष्ट पहचान है।

### नए स्वरूप में दिखेगा मंदिर

जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि ग्रामीणों की आस्था एवं जिले की शान को पूरी रोनक देने के लिए मंदिर का जीर्णोद्धार एवं रंग रोगन कराया जा रहा है इसके अलावा व्यापारियों एवं ग्रामीणों को मेले में किसी प्रकार की कोई समस्या का सामना ना करना पड़े इसके लिए भी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन ने मिलकर पूर्ण तैयारी कर ली है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी का आयोजन



**गोटेगांव, यशभारत**। श्री जगद्गुरु शंकराचार्य कला,वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय श्रीनगर (गोटेगांव) में आज दिनांक 12 जनवरी 2023 को आजादी की अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय परिसर में सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार किया गया तथा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए मां सरस्वती जी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। मुख्य वक्ताओं में प्रो.कमल पटेल ने युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय को बताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अल्प आयु में ना केवल देश बल्कि विदेश में भी सनातन धर्म की पताका को फहराया था। डॉ.आशीष ठाकुर ने बताया स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि फ्रउठो जागो और तब तक चलते रहो जब तक कि लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।फ्र प्रो.राहुल नेमा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि फ्रलोगों के जीवन को उन्नतशील बनाने हेतु,उनमें आत्मविश्वास उत्पन्न करना होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन डॉ.दिलीप पाठक ने कहा स्वामी विवेकानंद जी ने लोगों को अंधविश्वास व रूढ़िवादिता को दूर हटाकर समाज सेवा का उपदेश दिया था। आज हम सभी उन्हें भारतीय संस्कृति के शौर्य पुरुष,हिंदुत्व के प्रतीक,भारतीय अस्मिता के रक्षक के कारण अपना आदर्श मानते हैं। मंच संचालन व आभार आजादी का अमृत महोत्सव प्रभारी प्रो.विवेक जैन ने किया। इस संगोष्ठी में प्रो.दिलीप द्विवेदी,प्रो.अंकित नामदेव,प्रो.छत्रपाल पटेल,प्रो.भूपत सेन,प्रो.शंभू प्रसाद डेहरिया,प्रो.राजा दुबे,प्रो.संध्या लोधी,प्रो.अंकिता नामदेव प्रो.अंशुल जैन,सुनील कहार,सत्येंद्र तिवारी,भूपेश जैन एवं सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## सीएम राइज पाटन विद्यालय में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित



**पाटन, यशभारत**।शासन के निर्देश पर स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के मौके पर म.प्र शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लाइव सूर्य नमस्कार प्रसारण के साथ साथ योग कार्यक्रम संपन्न हुआ विद्यालय में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह, शाला के प्राचार्य अनुज सेन, कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा कृष्ण कांत शर्मा (ढ्रझ. प्रभारी) व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यणो का विशिष्ट मार्गदर्शन रहा खेल प्रभारी प्रकाश राजपूत तथा शाला के योग प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पटवा ने सूर्य नमस्कार तथा, प्राणायाम, आसन का कुशल निर्देशन किया शाला परिवार से श्रीमति अलका बैस,श्रीमति रचना श्रीवास्तव,श्रीमति सारिका शुक्ला,श्रीमति वदना साहू सुलेच्या पाल,श्रीमति सत्यमसिंह अजय,श्रीमति सुप्रीम डहरिया,रीतेश पाल,शिवकुमार त्रिपाठी, तथा प्रयोगशाला शिक्षक राहुल,कार्यालय सहायक बालकृष्ण नामदेव व सभी छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### विवेकानन्द जयंती पर जनेकृविवि द्वारा ग्राम सिहोदा में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम

# समय का सदुपयोग युवाओं के लिये बहुमूल्य है : कुलपति डॉ. मिश्रा

**जबलपुर, यशभारत**। जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में ग्राम पंचायत सिहोदा, शहपुरा में स्वामी विवेकानंद की जयंती के सुअवसर पर कृषि महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला, सिहोदा के प्रांगढ़ में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने समस्त स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को एवं कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को कहा कि स्वामी विवेकानंद समय के पाबंद एवं कार्य को समय अनुकूल करने की जो प्रेरणा थी, हम सभी को समय पर कार्यों को करना बहुत आज महती जिम्मेदारी है। हमारे देश की संस्कृति एवं संस्कार कभी नष्ट नहीं होना चाहिए। इससे हेतु कार्य करने का संकल्प लें, खेती में नवीनता, नई तकनीक एवं विज्ञान को अपनाते हुए गांव की उत्तरोत्तर प्रगति उन्नति में हम सबको योगदान देना होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संचालक प्रक्षेत्र डॉ. डी.के पहलवान



ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की बात एवं चर्चा घर-घर में होनी चाहिए। ताकि हमारे देश की अध्यात्म एवं दर्शन युवाओं में परिवार के माध्यम से आगे बढ़ना चाहिए। स्वामी विवेकानंद जी ने कृषि के क्षेत्र में जैविक खेती एवं जल संरक्षण की भी बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डॉ. पी. बी. शर्मा ने कहा कि जल माटी एवं पशुधन को बेहतर बनाने के लिए ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि किसान एवं कृषि तरक्की कर सके और हमारे युवाओं में ग्रामीण स्तर पर एक जन आंदोलन के रूप में ग्रामीण विकास के साथ उतरोत्तर उन्नति पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा शर्मा ने स्वामी विवेकानंद की जीवन चरित्र एवं उनके प्रेरणादायी कार्यों की विस्तार से जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। कुलपति पी. के. मिश्रा एवं अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कार्य किया गया। छात्र व छात्राओं ने प्रस्तुति दी व स्कूल के बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया गया। सिहोदा प्राथमिक शाला के प्राचार्य श्री समय लाल, शिक्षक इति प्रसाद एवं पूर्व डीएसपी नरेश शर्मा के साथ ही पूर्व सरपंच श्री किशोरी लाल एवं वर्तमान सरपंच परसराम पटेल एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कृषक व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ. डी. के. सिंह व आभार प्रदर्शन डॉ अर्चना पांडे, वरिष्ट वैज्ञानिक ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ शेखर सिंह बघेल, डॉ. यतिराज खरे, डॉ अमित झा, डॉ. नीलू विश्वकर्मा, डॉ. पूजा चतुर्वेदी, डॉ. अक्षता तोमर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल बनाने में डॉ. मनोज पाठक राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ डी के सिंह, डॉ. अर्चना पांडे की प्रमुख भूमिका रही।

## गेलिक्सी सुपर स्पेशॅलिटी हॉस्पिटल मे युवा दिवस का आयोजन



**जबलपुर, यशभारत**। गेलिक्सी सुपर स्पेशॅलिटी हॉस्पिटल मे, युवा दिवस का आयोजन डॉ. अमिता चतुर्वेदी डॉ. एम. डी. पैथोलॉजी एवम डॉ रति शर्मा दुबे मनोचिकित्सक और मानसिक रोग विशेषज्ञ की उपतिस्थि मे महिला कर्मचारियों के साथ किया गया! देश मे आज, युवा महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र मे, आगे बढ़ रही है! देश की आधी युवा आबादी,याने महिलाएँ और उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा हेतु छायांके चेरिटबल ट्रस्ट और आर्यरा फाउंडेशन ने फ्रवर्जनाओं को तोड़ेफ्र नामक जागरूकता अभियान शुरू किया हुआ है!महिलाओं के जीवन मे प्रमुख रूप से प्रतिमाह आने वाले, मासिक धर्म के दौरान महिला कर्मचारी, कैसे स्वयं का ध्यान रखते हुए, मरीजों की सेवा कर सकें, इस विषय पर चर्चा की! साथ ही मासिक धर्म के दौरान, हर उम्र की महिलायों से संबंधित, मानसिक, शारीरिक बदलावों, और उनसे जुड़े हुए स्वास्थ्य सम्बंधी प्रश्नों का उत्तर दिया गया!

## गिरजा शंकर तिवारी का निधन



**सिहोरा**। खितौला वार्ड नम्बर 18 कालेज के पास निवास करने वाले गिरजा शंकर तिवारी का 91 शाल की उम्र में निधन हो गया अंतिम संस्कार आज 11 बजे मझंगवा घाट स्थित हिरन नदी मुक्तिधाम में किया गया।वे हमारे सिहोरा संवाददाता रामशंकर तिवारी,मनमोहन तिवारी के पिता थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर सूर्य नमस्कार एवं युवा संवाद



**जबलपुर, यशभारत** । स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रुप में श्रीजानकीरमण कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मनाई गई। कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ प्रथम सत्र में सूर्य नमस्कार दूसरे सत्र में स्वामी जी के जीवन प्रसंगों पर युवाओं से संवाद के साथ प्रश्न मंच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया महाविद्यालय के प्राचार्य त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के अध्यक्ष आनंद सिंह राणा ने स्वामी विवेकानंद जी को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का आध्यात्मिक पिता निरुपित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शक्ति सिंह मंडलोई एवं विशिष्ट अतिथि डॉ गंगाधर त्रिपाठी ने स्वामी विवेकानंद जी के वाक्य दरिद्रनारायण की सेवा ही ईश्वर की सेवा पर प्रकाश डाला। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल संचालन सुश्री काजल मानेक ने किया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती राधा झारिया ने किया कार्यक्रम में डॉअंजली शुक्ला, श्री चंद्रकुमार चौबे, डॉ. अनामिका सिंह, श्री तरुण मिश्रा श्रीमती राखी बाजपेई, श्रीमती नीना चौबे सुश्री प्रियंका यादव सुश्री अनुपमा पाठक श्री डेनियल पटेल श्री मनोज चौरसिया श्री मुकेश श्रीवास्तव श्री मीनाक्षी लोधी श्री हेमंत सोंधिया श्री संजय पांडे श्री गोपाल रैकवार श्री भूपेंद्र अहिरवार की उपस्थिति रही।

## स्वामी विवेकानंद जी के जीवनपर प्रकाश डाला

**जबलपुर, यशभारत**। स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती पर समानता परिषद एवं कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ संयुक्त तत्वावधान में तैलचित्र पर माल्यार्पण कर स्वामी विवेकानंद जी के जीवनपर प्रकाश डाला। इस मौके पर पंडित रावेन्दतिवारी, ै, धनंजय बाजपेई ,राजीव तिवारी , देवेंद्र शुक्ला उत्कर्ष गुप्ता आशीष व्यास राजा खंडेलवाल रमेश कोहली आदि उपस्थित थे।



## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर रक्तदान, 46 यूनिट ब्लड संग्रहित



**जबलपुर, यशभारत**। स्वामी विवेकानंद जी के जन्मोत्सव व युवा दिवस के अवसर पर गुरूवार को वन्देमातरम स्तंभ सिविक सेन्टर में शहर की समस्त सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एकत्रित किया गया ब्लड थैलेसीमिया, सिकिसेल व अन्य बीमारियों से पीड़ितों को उपलब्ध करवाया जाएगा। इस दौरान ब्लड संग्रहित करने का काम जिला अस्पताल विक्टोरिया के ब्लड बैंक की टीम के द्वारा किया गया। इस मौके पर लगभग 46 यूनिट से अधिक ब्लड संग्रहित हो सका। यह आयोजन मप्र थैलेसीमिया जन जागरण समिति, मां रेवा रक्तदान सेवा, अनुश्री वेलफेयर सोसायटी, हम हैं न फाउण्डेशन, दिशा वेलफेयर सोसायटी, महादेव रक्तदान महादान, रक्तदान महादान कर्तव्य संस्थान, युवा सेवा फाउण्डेशन, मां नर्मदा रक्तदान ग्रुप, जय रेवाखण्ड, नर्मदा मिशन आदि का सराहनीय सहयोग रहा। जिनके सहयोग यह आयोजन सफल हो सका और युवाओं ने आगे आकर अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता स्व- आदर्शमुनि त्रिवेदी को सामाजिक संस्थाओं ने श्रृद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

## रामकृष्ण आश्रम से राष्ट्रीय युवा दिवस पर निकली रैली



**जबलपुर यशभारत**।श्री रामकृष्ण आश्रम शिशु विद्या मंदिर ,घमापुर के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव राष्ट्रीय युवा दिवस पर सुबह 8 बजे स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद सूर्य नमस्कार और प्राणायाम कराया गया। उसके बाद शाला के बच्चों और शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा( रैली)का आयोजन किया गया ।रैली ने राम कृष्ण आश्रम स्कूल से कांचघर चौक तक भ्रमण किया। रैली में सबसे आगे स्वामी विवेकानंद की वेश भूषा में चल रहे बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहे ।रैली में शामिल स्कूली बच्चों ने रास्ते भर स्वामी विवेकानंद के प्रेरणास्पद वाक्यों को नारों के रूप में गुंजायमान किया। रैली का समापन वापस शाला प्रांगण में हुआ । शाला में विवेकानंद के आदर्शों को लेकर बच्चों की भाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस मौके पर बेलूर मठ के प्रतिनिधि स्वामी निर्विकल्पानंद महाराज के आशीष वचन एवं सचिव एन सी घोष के उद्बोधन के साथ ही बच्चों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुए स्टेमफील्ड स्कूल के 200 छात्रों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**जबलपुर ,यशभारत**। सांसद खेल महोत्सव की भव्य शुरुआत आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती से हो गई । महोत्सव का प्रारंभ सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग प्रदर्शन के साथ रानीताल स्टेडियम में हुआ । इस अवसर पर स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के दोनों शाखाओं के लगभग 200 छात्रों ने भाग लेकर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया । इस कार्यक्रम में जबलपुर जिले के विभिन्न स्कूलों से सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र खटीक जी उपस्थित थे । विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्रों को संबोधित करते हुए जबलपुर क्षेत्र के सांसद श्री राकेश सिंह जी ने कहा कि छात्रों को स्वयं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए किसी ना किसी खेल में जरूर शामिल होना चाहिए । कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए । स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती मधु जयसवाल जी, संचालक श्री पर्व जयसवाल जी , डायरेक्टर श्रीमती सुप्रिया जयसवाल जी एवं स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के दोनों शाखाओं की प्रधानाचार्या श्रीमती मनमीत कोहली जी एवं श्रीमती रजनी घई जी ने छात्र छात्राओं को युवा दिवस की शुभकामनाएं दी ।



# हॉकी वर्ल्ड कप का आगाज

# 16 टीमों में होगी जंग

## भारत का पहला मैच आज स्पेन के खिलाफ राउरकेला में

कटक, ईएमएस। कटक के बाराबती स्टेडियम में मेंस हॉकी वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी के बाद अब 13 जनवरी से वर्ल्ड कप के मैच खेले जाएंगे। भारत चौथी बार हॉकी के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। इसके मुकाबले भुवनेश्वर और राउरकेला में खेले जाएंगे। यह इस टूर्नामेंट का 15वां एडिशन है। 13 जनवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 16 टीमों को 4-4 के चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत का पहला मैच शाम 7 बजे से स्पेन के खिलाफ राउरकेला में होगा। 17 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 29 जनवरी को भुवनेश्वर में खेला जाएगा। 16 टीमों के टूर्नामेंट में कुल 44 मैच होंगे। हॉकी वर्ल्ड कप टूर्नामेंट का यह 15वां संस्करण है। ओपनिंग मैच कलिंगा स्टेडियम में अर्जेंटीना और साउथ अफ्रीका के बीच दोपहर 01:00 बजे से खेला जाएगा। दूसरी ओर राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में भारतीय टीम शाम 7:00 बजे से स्पेन के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। स्टेडियम के बाहर गुरुवार रात से दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला। राउरकेला में ओडिशा सरकार ने इस आयोजन के लिए नया इंटरनेशनल स्टेडियम बनाया है। बिरसा मुंडा स्टेडियम को बनाने में 15 महीने से भी कम का समय लगा। 20 हजार दर्शक क्षमता वाले इस स्टेडियम के पास 6 प्रैक्टिस टर्फ हैं। इतना ही नहीं, स्टेडियम के अंदर टीमों के ठहरने, जिम, स्पोर्ट्स मेडिसिन जैसी सुविधाएं हैं। राउरकेला स्टेडियम में टीमों की प्रैक्टिस के लिए 6 टर्फ हैं।



### भारत का पलड़ा भारी

भारत-स्पेन के बीच 1948 से हॉकी मैच खेले जा रहे हैं। 1973 तक भारत ने स्पेन को 4 में से 3 मैच हराए और एक ड्रॉ खेला, लेकिन 1973 के बाद स्पेन ने जोरदार वापसी की। 1978 से अब तक खेले गए 26 मैचों में से 10 के परिणाम भारत के पक्ष में रहे हैं। जबकि 11 में स्पेन को जीत मिली है। इस दौरान दोनों टीमों ने 5 मैच ड्रॉ मैच भी खेले हैं। ओवरऑल बात करें तो इंटरनेशनल मंच पर 30 बार दोनों का आमना-सामना हुआ है। भारत ने 13 और स्पेन ने 11 जीते। 6 मैच ड्रॉ रहे। टोक्यो ओलिंपिक में भारत ने स्पेन को 3-0 से हराया था। वहीं, नवंबर 2022 में खेला गया आखिरी मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा था।

### वर्ल्ड कप में स्पेन हावी

हॉकी वर्ल्ड कप में दोनों टीमों के बीच 6 मैच खेले गए। इनमें से 3 में स्पेन और 2 में भारत जीता है। एक मैच ड्रॉ रहा। दोनों के बीच वर्ल्ड कप में आखिरी मुकाबला 2014 में खेला गया था। जो 1-1 से ड्रॉ रहा था।

### भारत को वर्ल्ड कप जीतते देखना चाहते हैं लोग

राउरकेला में भारत-स्पेन मैच से पहले गुरुवार रात को दर्शकों में भारी उत्साह नजर आया। अपने खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करते देखने के लिए कई फैंस स्टेडियम पहुंचे। स्टेडियम के बाहर पहुंचे अनिल कुमार ने बताया वर्ल्ड कप को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। टीम इंडिया को सपोर्ट करने के लिए उन्होंने मैच के टिकट खरीद लिए हैं। वहीं, 10 साल की आबिदी सामंति ने बताया कि वह भारतीय खिलाड़ियों को देखने स्टेडियम पहुंची। वह बोलीं, मैं भारत का मैच देखूंगी और मैं चाहती हूं कि वर्ल्ड कप भी भारत ही जीते।





# भारत-श्रीलंका दूसरे वनडे : टीम इंडिया को सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त

## कोहली का SRK सेलीब्रेशन, बोल्ड पर हुए हैरान, कोलकाता के फैंस ने फुटबॉल लीजेंड पेले को याद किया

कोलकाता ,ईएमएस। भारत ने श्रीलंका को दूसरे वनडे में 4 विकेट से हराकर 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। तीसरा और आखिरी वनडे 15 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। दूसरे वनडे के दौरान विराट कोहली का बोल्ड, उनका सेलिब्रेशन और उमरान के लिए फैंस की अपील जैसे कई यादगार मोमेंट्स रहे।

### लाहिरू की इन स्विंग पर बोल्ड हुए विराट

श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में शतक बनाने वाले भारत के विराट कोहली दूसरे वनडे में कुछ खास नहीं कर सके। उन्हें लाहिरू कुमारा ने 10वें ओवर की दूसरी बॉल शानदार इन-स्विंग डाली। विराट बैकफुट पर खड़े रहकर बोल्ड हो गए। उन्होंने 9 बॉल पर 4 रन बनाए। श्रीलंका ने दूसरे वनडे में टॉस जीतकर बैटिंग ली। बॉलिंग के दौरान भारत के फील्डर विराट कोहली कई मौकों पर डांस करते नजर आए। उन्होंने मैच के दौरान तरह-तरह के रिएक्शन भी दिए। कोलकाता में मैच के दौरान भारत के विराट कोहली ने कई तरह के डांस मूव्स दिखाए।

### उमरान से फैंस बोले- 160चस्त्र्रा लोडिंग...

भारत के उमरान मलिक ने पहले वनडे में 156 किमी प्रति घंटे की स्पीड से बॉल फेंकी थी। यह भारत के लिए किसी भी फॉर्मेट में सबसे तेज रिकॉर्डेड बॉल थी। दूसरे वनडे में कई फैंस उमरान को सपोर्ट करने पहुंचे। फैंस ने उमरान के सपोर्ट में पोस्टर पर 160 KMPH लोडिंग... लिखा। यानी कि फैंस उनसे अगले मैचों में 160 किमी प्रति घंटे की स्पीड से बॉल फेंकने की उम्मीद कर रहे हैं।

### अक्षर ने 2 शानदार कैच पकड़े

भारत अक्षर पटेल ने मैच में पॉइंट पर खड़े होकर 3 कैच पकड़े। इनमें से 2 उन्होंने डाइव मारकर लिए। 28वें ओवर की पांचवीं बॉल उमरान मलिक ने ऑफ स्टंप पर शॉर्ट ऑफ लेंथ डाली। श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा ने इस पर कट किया। जहां पॉइंट पर खड़े अक्षर ने डाइव मारकर कैच पकड़ लिया। 34वें ओवर की आखिरी बॉल पर फिर उमरान मलिक ने चमिका करुणारत्ने को ऑफ स्टंप पर शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल डाली। करुणारत्ने कट करने गए, लेकिन पॉइंट पर खड़े अक्षर के डाइविंग एफर्ट के बाद वो भी पवेलियन लौट गए। 40वें ओवर में अक्षर ने मोहम्मद सिराज की बॉल पर दुनिथ वेलालगे का भी कैच पकड़ा। उन्होंने मैच में बॉलिंग से एक विकेट लेने के साथ बैटिंग में 21 रन भी बनाए।

### कुमार संगकारा पहुंचे ईडन गार्डन

श्रीलंका के दिग्गज क्रिकेट कुमार संगकारा भारत और श्रीलंका के बीच मैच देखने कोलकता पहुंचे। उन्होंने ईडन गार्डन स्टेडियम में लगी घंटी को बजाकर मैच शुरू कराया। ईडन गार्डन भारत का सबसे पुराना क्रिकेट स्टेडियम है। 66 हजार दर्शक क्षमता वाले इस स्टेडियम की स्थापना 1864 में हुई थी। यहां क्रिकेट के कई महत्वपूर्ण मैच खेले गए हैं। इसीलिए यह ऐतिहासिक ग्राउंड कई मायनों में अहम भी है। भारत-श्रीलंका मैच के दौरान ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर पेले को भी याद किया गया। पेले का दिसंबर 2022 में निधन हो गया था। दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में से एक पेले ने अपने देश को 3 वर्ल्ड कप जिताए हैं। वे 1977 के कोलकाता में भी एक फ्रेंडली मैच खेलने आए थे।

### बना रिकॉर्ड- श्रीलंका की वनडे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा हार

भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में हार के साथ ही श्रीलंका के नाम 437 हार हो चुकी हैं। यह वनडे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा हार का रिकॉर्ड है। श्रीलंका के बाद भारत ने 436 और पाकिस्तान ने 419 वनडे हारे हैं। भारत ने श्रीलंका को 95वां वनडे हराया। एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे जीत में भारत ने ऑस्ट्रेलिया की बराबरी की। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 95 मैच हराए हैं।

# जैसे ही बोलने के लिए उठीं उर्वशी रौतेला, ऋषभ पंत के नारे लगने हो गए शुरू..फिर जो हुआ मजेदार है




मुंबई ,ईएमएस। उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत की आए दिन खबरें आती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत का नाम फिर सुर्खियों में है। ऋषभ पंत के एक्सिडेंट के बाद उर्वशी उनसे मिलने पहुंचीं, जिसकी तस्वीर वायरल हो गई। अब फिल्म वॉल्टेयर विरैया जब उर्वशी रौतेला ऋषभ पंत के प्रमोशन के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद थीं, तो वहां मौजूद लोगों ने ऋषभ पंत का नाम लेना शुरू कर दिया। हालांकि, एक्ट्रेस ने स्थिति को बहुत ही अच्छे तरीके से संभाला और अपना भाषण जारी रखा। उर्वशी ने इस घटना का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है। दरअसल, उर्वशी रौतेला हाल ही में विशाखापत्तनम में आयोजित फिल्म वॉल्टेयर वीरैया की मेगा मास पार्टी में पहुंची थीं। तभी उर्वशी जैसे ही भाषण देने के लिए मंच पर पहुंचती हैं, लोग उन्हें देखते ही ऋषभ पंत का नाम चिल्लाने लगते हैं। हालांकि, भीड़ को नजरअंदाज करते हुए उर्वशी ने अपना भाषण जारी रखा। एक्ट्रेस ने बिना किसी नेगेटिव रिएक्शन के सिचुएशन को हैंडल किया। ऋषभ पंत के चिल्लाने को नजरअंदाज करते हुए उर्वशी ने अपना भाषण जारी रखा। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद सुपरस्टार चिरंजीवी की जमकर तारीफ की। हालांकि यह पहली बार नहीं है, उर्वशी रौतेला इससे पहले भी ऋषभ पंत का नाम लेकर ट्रोल हो चुकी हैं। लंबे समय से यह एक्ट्रेस ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद उर्वशी उनसे मिलने आई और काफी अपसेट हो गई, जिसके लिए एक्ट्रेस को ट्रोल किया गया। अब एक्ट्रेस को वोल्टेयर विरैया के मेगा-मास इवेंट में ऐसी ही अजीबोगरीब स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। इवेंट में उर्वशी बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने डीप प्लंजिंग नेकलाइन वाली रेड साड़ी पहनी थी। इसमें उनका फिगर बेहद आकर्षक लग रहा था। उर्वशी ने साड़ी को डायमंड ईयररिंग्स, डायमंड ब्रेसलेट और स्टेटमेंट रिंग के साथ पेयर किया। रेड साड़ी में उर्वशी काफी हॉट लग रही थीं।

# फैमिली संग गोल्डन टेंपल पहुंचे कपिल शर्मा, बेटी-बेटे को घुमाईं वो गलियां जहां करते थे खूब मस्ती

अमृतसर, एजेंसी। कपिल शर्मा ने 2023 की बेहतरीन शुरुआत की। नए साल के जश्न के लिए वह वाइफ गिन्नी चतरथ और दोनों बच्चों के साथ अमृतसर अपने घर गए थे। यहां कपिल शर्मा अपने स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी के टीचर्स व दोस्तों से मिले और पुरानी यादें ताजा कीं। कपिल शर्मा बेटी अनायरा और बेटे त्रिशान को लेकर गोल्डन टेंपल भी गए और वहां परिवार के साथ मत्था टेका। कपिल शर्मा का यह ट्रिप बेहद खूबसूरत रहा, जिसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में Kapil Sharma ने मुंबई से अमृतसर तक के ट्रिप की पूरी झलक दिखाई है। वीडियो में वह बेटी ठ्ठ्4ह्ड्ड को गोद में उठाए गोल्डन टेंपल में तो कभी छोले-भटूरे का स्वाद लेते नजर आ रहे हैं। वह अपने टीचर्स के पैर छूते और फिर गले मिलते भी नजर आ रहे हैं। कपिल शर्मा हर साल अपने बिजी शेड्यूल से वक्त निकालकर गोल्डन टेंपल यानी गुरुद्वारा श्री हरमिंदर साहिब जाते हैं। लेकिन इस बार जब गए तो वह अपने बचपन के दोस्तों से मिले और उन गलियों के भी चक्कर काटे, जहां वह कभी दोस्तों के साथ खूब मस्ती करते थे। कपिल शर्मा ने अमृतसर की अपनी ट्रिप का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर कर बेहद प्यारा कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने लिखा है, च्मेरा कॉलेज, मेरी



यूनिवर्सिटी, मेरे टीचर्स, मेरी फैमिली, मेरा शहर, खाना, ये फीलिंग और गोल्डन टेंपल। आपके आशीर्वाद के लिए बहुत शुक्रिया बाबा जी। कपिल शर्मा के इस वीडियो पर फैंस से लेकर दोस्तों और सेलेब्स के खूब रिएक्शन आ रहे हैं। फैंस कपिल शर्मा के डाउन टू अर्थ स्वभाव की तारीफ कर रहे हैं।

### चर्चा में हैं कपिल शर्मा और उनका शो

कपिल शर्मा इस समय अपने शो द कपिल शर्मा शो को लेकर चर्चा में हैं। वैसे तो कपिल के शो में ज्यादातर फिल्म इंडस्ट्री और क्रिकेट से जुड़ी हस्तियां ही नजर आती हैं। लेकिन हाल ही शो में पॉपुलर यूट्यूबर खान सर नजर आए। उस एपिसोड ने खूब सुर्खियां बटोरीं और वह सारे दिन ट्विटर पर चर्चा में रहा था। अब आने वाले एपिसोड में मुंबई डब्बावाला की टीम नजर आएगी।

# वनडे रैंकिंग...छठे स्थान पर आए कोहली

## सूर्या टी-20 में 908 रेटिंग पॉइंट हासिल करने वाले पहले भारतीय बने



नई दिल्ली, ईएमएस। भारत-श्रीलंका पहले वनडे में शतक जमाने वाले विराट कोहली को वनडे रैंकिंग में फायदा हुआ है। जबकि सूर्या कुमार यादव टी-20 में नंबर-1 पर बरकरार हैं। वे बैटर रैंकिंग में सबसे ज्यादा रेटिंग पॉइंट हासिल करने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनके 908 रेटिंग पॉइंट हो गए हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। इसके अनुसार, विराट कोहली 2 स्थान के उछाल के साथ छठे नंबर पर आ गए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी एक रैंक का फायदा हुआ वह 715 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम 891 पॉइंट्स के साथ टॉप वनडे बैटर हैं।

### विराट श्रीलंका के खिलाफ बनाए थे 113 रन

विराट कोहली ने एक दिन पहले मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ 113 रनों की शतकीय पारी खेली थी। वनडे की बॉलर रैंकिंग में कोई भी भारतीय टॉप-10 में शामिल नहीं है। श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज 18वें नंबर पर पहुंचे। उनके बाद जसप्रीत बुमराह 19वें नंबर पर हैं। ऑलराउंडर्स रैंकिंग में किसी भी भारतीय प्लेयर का नाम टॉप-20 तक में नहीं है।

### सूर्या से 72 पॉइंट्स पीछे रिजवान

पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान टी-20 बैटर्स रैंकिंग में दूसरे नंबर हैं। लेकिन, उनके और सूर्यकुमार के बीच 72 पॉइंट्स का अंतर है। तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे, चौथे पर पाकिस्तान के बाबर आजम और पांचवें नंबर पर साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम हैं। टॉप-10 में सूर्या के अलावा कोई भी भारतीय नहीं है। उनके बाद विराट कोहली 13वें ओर केएल राहुल 22वें नंबर पर हैं।

### विराट का रिकॉर्ड तोड़ा

सूर्यकुमार से पहले कोई भी भारतीय टी-20 में 900 से ज्यादा रेटिंग पॉइंट हासिल नहीं कर सका था। उनसे पहले पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टी-20 में 897 रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए थे। ओवरऑल लीडरबोर्ड में इंग्लैंड के डेविड मलान ने 915 रेटिंग पॉइंट्स हासिल कर रखे हैं। सूर्यकुमार दूसरे नंबर पर हैं।

# फिर हसीन सितम ढाएंगी तापसी पन्नू, शेयर किया फिर आई हसीन दिलरुबा का पोस्टर

मुंबई, ईएमएस। तापसी पन्नू एक बार फिर हसीन दिलरुबा बनने जा रही हैं। जी हां, उन्होंने फिर आई हसीन दिलरुबा का पहला पोस्टर शेयर कर मूवी की अनाउंसमेंट की है। आनंद एल राय के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में विक्रांत मेसी और विक्की कौशल के भाई सनी कौशल भी अहम किरदार निभाएंगे। इसकी पहली मूवी हसीन दिलरुबा जुलाई 2021 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस बार ये रोमांटिक थ्रिलर कब और कहां रिलीज होगी, अभी इसकी अनाउंसमेंट नहीं हुई है।




Taapsee Pannu ने ट्विटर पर फिर आई हसीन दिलरुबा का पहला पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर में एक्ट्रेस की बैक दिख रही है, जिसमें उनका चेहरा ताजमहल की तरफ है। ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर फिल्म आगरा की कहानी दिखाएगी। फिल्म में तापसी के अलावा विक्रांत मेसी और सनी कौशल लीड रोल में हैं। यानी सनी ने हर्षवर्धन राणे को रिप्लेस किया है। पोस्टर के कैप्शन में लिखा गया है, एक नए शहर में, फिर एक बार... तहलका मचाने आ रही है हमारी हसीन दिलरुबा। इस महीने की शुरुआत में विक्रांत ने रोमांटिक थ्रिलर मूवी हसीन दिलरुबा के सेकेंड इंस्टॉलमेंट को कंफर्म किया था। इसे Vinil Mathe2 ने डायरेक्ट किया था और कनिका ढिल्लन ने लिखा था। ये मूवी जुलाई 2021 में नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर हुई थी और इसे दर्शकों-क्रिटिक्स का पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म में विक्रांत और तापसी के अलावा हर्षवर्धन राणे ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

# विमेंस IPL की टीमें 25 जनवरी को रिवील होंगी

## इंदौर-अहमदाबाद समेत 10 शहर शॉर्टलिस्ट; मार्च में हो सकता है टूर्नामेंट

मुंबई, एजेंसी। विमेंस IPL की 5 टीमों के नाम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) 25 जनवरी को जारी कर सकता है। BCCI ने इंदौर और अहमदाबाद समेत देश के 10 शहरों को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। फ्रेंचाइजी मालिकों ने टीमें खरीदने के लिए अपनी-अपनी राशि की संख्या बंद लिफाफे में BCCI को भेज दी है। 25 जनवरी को सभी फ्रेंचाइजी के लिफाफे खोले जाएंगे। तभी पांचों टीमों के नाम फाइनल होंगे।

### विमेंस प्लेयर का फ्यूचर देख तय होंगी टीमें

सूत्रों ने बताया, ऐसा जरूरी नहीं कि सबसे ज्यादा बोली लगाने वाली फ्रेंचाइजी को ही टीम दी जाएगी। महिला खिलाड़ियों के फ्यूचर और ग्रोथ को देखकर भी फैसला लिया जाएगा। फ्रेंचाइजी मालिकों से टीमों के भविष्य पर प्लानिंग मांगी जाएगी। इसके बाद ही आखिरी फैसला लिया जाएगा। लेकिन, सबसे ज्यादा बोली लगाने वाली फ्रेंचाइजी को प्राथमिकता जरूर दी जाएगी। अगर एक टीम के लिए 2 फ्रेंचाइजी ने एक बराबर बोली लगाई तो दोनों को फिर से बोली लगाने के लिए कहा जाएगा। फिर भी बोली समान होने पर ड्ढष्टष्टढ्ढ ही टीम चुनने के लिए आखिरी फैसला लेगा।

### ये 10 शहर हुए शॉर्टलिस्ट

BCCI ने फिलहाल 10 शहरों को विमेन IPL के लिए शॉर्टलिस्ट किया है। इन्हीं से 5 टीमें बनेंगी, जो टूर्नामेंट खेलेंगी। शहरों में अहमदाबाद (नरेंद्र मोदी स्टेडियम), कोलकाता (ईडन गार्डन स्टेडियम), बेंगलुरु (एम चिन्नास्वामी स्टेडियम), चेन्नई (एमए चिदंबरम स्टेडियम), दिल्ली (अरुण जेटली स्टेडियम), धर्मशाला (HPC स्टेडियम), गुवाहाटी (बारसपारा स्टेडियम), इंदौर (होलकर स्टेडियम), लखनऊ (अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम) और मुंबई (वानखेड़े, ब्रेबोर्न, DY



पाटिल स्टेडियम) के नाम हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नाम भी विमेन IPL के लिए शॉर्टलिस्ट हुए शहरों में शामिल है।

### मुंबई में 3 स्टेडियम क्यों?

9 शहरों में एक-एक स्टेडियम सिलेक्ट कर लिए गए हैं। लेकिन, मुंबई में 3 स्टेडियम के नाम हैं। इनमें से किसी एक स्टेडियम को फाइनल किया जाएगा। टूर्नामेंट के दौरान उपलब्धता को देखकर स्टेडियम स्विच भी किए जा सकेंगे। इंदौर, धर्मशाला और गुवाहाटी को छोड़कर सभी 7 शहरों को इससे पहले मेंस IPL के होम ग्राउंड का दर्जा मिल चुका है।

### मार्च में होगा विमेन IPL

BCCI ने पिछले दिनों विमेन IPL की टीमें खरीदने के टेंडर के डॉक्यूमेंट जारी किए थे। जिनकी कीमत करीब 5 लाख रुपए थी। एक फ्रेंचाइजी मालिक एक से ज्यादा शहरों की टीम खरीदने के लिए भी बोली लगा सकता था। लेकिन, बोली फाइनल होने पर एक फ्रेंचाइजी मालिक को एक ही टीम मिलेगी। ये टीम कम से कम 10 सीजन के लिए रहेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 5 टीमों का विमेन IPL 5 से 26 मार्च तक खेला जा सकता है। विमेन IPL खत्म होने के बाद मेन्स IPL होने की संभावना है। भारत में टी-20 चैलेंजर्स ट्रॉफी के नाम से फ्रेंचाइजी ट्राई सीरीज होती थी। इसमें 4 मैच होते थे, लेकिन नए विमेन IPL में 5 टीमों के बीच 22 मैच होंगे।

### शुरुआती 3 सीजन में होंगे 22 मैच

2023 से 2025 तक के विमेन IPL सीजन का फॉर्मेट तय किया जा चुका है। लीग फेज में सभी टीमें एक टीम से 2-2 मैच खेलेंगी। इस तरह कुल 20 मैच होंगे। पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर रहने वाली टीम फाइनल खेलेगी। दूसरे और तीसरे नंबर की टीमों के बीच एलिमिनेटर होगा। इसे जीतने वाली टीम फाइनल खेलेगी। 2 नॉकआउट मैच मिलाकर 5 टीमों के बीच कुल 22 मैच होंगे। 2026 के सीजन से विमेंस IPL में 33-34 मैच होंगे। लेकिन, BCCI ने इस बारे में अभी तक डिटेल में इन्फॉर्मेशन शेयर नहीं की है।

### 3 देशों में हैं विमेन फ्रेंचाइजी लीग

भारत से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया महिला फ्रेंचाइची लीग शुरू कर चुके हैं। इंग्लैंड में 8 टीमों का द-हंड्रेड विमेन टूर्नामेंट होता है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में विमेन-बिग बैश लीगज्होती है। भारत में विमेन IPL से पहले टी-20 चैलेंजर्स ट्रॉफी के नाम से 3 टीमों की फ्रेंचाइजी ट्राई सीरीज खेली जा रही थी। 2018 से खेली जा रही इस ट्रॉफी को 2022 तक खेला गया। इसमें 4 ही मैच होते थे। लेकिन, नए विमेन IPL में 22 मैच होंगे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश



इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

## ₹15 लाख 42 हजार 550 करोड़

के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त

## 29 लाख

से अधिक रोज़गार के खुलेंगे द्वार

### समिट की विशेषतायें

| | |
|---|---|
| 84 देशों के 5,000+ प्रतिनिधि | 400+ अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस बायर्स और डेलीगेट्स |
| 20 सेक्टोरल सेशन | G20 के सभी देशों के बिजनेस डेलीगेट्स |

| | | |
|---|---|---|
| 1100+ बी-टू-जी मीटिंग | 4 वेंडर्स डेवलपमेंट प्रोग्राम | 2600+ बी-टू-बी मीटिंग |

## मध्यप्रदेश में निवेशकों द्वारा निरंतर भरोसा बनाये रखने के लिए हृदय से धन्यवाद

आयोजक
MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

राष्ट्रीय सहयोगी
B20 India Secretariat
CII
Confederation of Indian Industry

नॉलेज पार्टनर
EY
Building a better working world

D-11196

भविष्य के लिए तैयार प्रदेश